


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 212

ग्वालियर, मंगलवार, 21 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### अमेरिका में कमला हैरिस से मिलेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे। वहां वह एक मैराथन कार्यक्रम में भाग लेंगे। पीएम मोदी अमेरिका में एक के बाद एक उच्च स्तरीय बैठकें करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 22 सितंबर को वाशिंगटन डीसी पहुंचेंगे और अगली सुबह वह अमेरिका के शीर्ष सीईओ से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह एप्पल के प्रमुख टिम कुक से भी मिलेंगे। हालांकि, अधिकारियों ने इस बैठक के विवरण की पुष्टि नहीं की है। अमेरिका के शीर्ष व्यवसायियों के साथ बैक-टू-बैक बैठकों के बाद, पीएम मोदी के अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी मिलने की उम्मीद है, जो एक भारतीय मूल की महिला हैं। कमला हैरिस पहली बार अमेरिका की उपराष्ट्रपति बनी हैं। हालांकि, इस बैठक की भी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। प्रधानमंत्री उसी दिन ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापानी समकक्ष योशीहिदे सुगा से भी मुलाकात करेंगे। आपको बता दें कि पीएम मोदी, जो बाइडेन के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार मिलेंगे। हालांकि, इससे पहले दोनों शीर्ष नेताओं की कई वर्चुअल बैठकें बीते दिनों हुई थी। पीएम मोदी 24 सितंबर को वाशिंगटन में पहले इन-पर्सन क्वाड लीडर्स समिट में भाग लेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे के दौरान डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की यात्रा भी पीएम मोदी की वाशिंगटन यात्रा के साथ मेल खा रही है। उनके साथ भी मुलाकात की संभावना है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, पीएम मोदी 24 सितंबर की शाम को न्यूयॉर्क के लिए रवाना होंगे। अगले दिन वह संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण भी देंगे।

### मुंबई में 5 लाख के ड्रग्स के साथ एक नाईजीरियन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के पश्चिमी उपनगर गोरेगांव इलाके में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बड़ी छापेमारी कर एक नाईजीरियन ड्रग्स पेडलर को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि ड्रग्स पेडलर के पास से करीब पांच लाख रुपए की ड्रग्स भी बरामद की गई है. कहा जा रहा है कि एनसीबी ने रविवार देर रात ये छापेमारी की थी. नाईजीरियन शख्स के पास से जो ड्रग्स बरामद हुआ है, उसको एमडी ड्रग्स कहा जाता है, जिसकी कीमत पांच लाख रुपए है. फिलहाल आरोपी नाईजीरियन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उसे तीन दिन की हिरासत में भेज दिया है. पिछले एक साल से एनसीबी ने अबतक 32 नाईजीरियन ड्रग्स पेड़लर्स को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि इन ड्रग पेडलर्स के पास से अलग-अलग प्रकार के कुल 50 करोड़ से ज्यादा कीमत के ड्रग्स बरामद हुए हैं. ज्ञात हो कि इससे पहले एनसीबी ने इसी साल जुलाई में मुंबई में एक ऐसी केक बेकरी का पर्दाफ़ाश किया था, जिसमें ड्रग्स का इस्तेमाल कर केक बनाया जा रहा था. इस मामले में एनसीबी ने एक सायकोलॉजिस्ट डॉक्टर और एक सप्लायर की गिरफ्तारी की थी.

### चरणजीत सिंह चन्नी के सीएम बनने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब का नया मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। पीएम ने यह भी कहा पंजाब की जनता की भलाई के लिए आगे भी पंजाब सरकार के साथ काम जारी रहेगा। पीएम मोदी ने चन्नी के शपथग्रहण के बाद ट्वीट किया, %चरणजीत सिंह चन्नी जी को पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई। पंजाब के लोगों की भलाई के लिए पंजाब सरकार के साथ काम जारी रखेंगे। बता दें कि चरणजीत सिंह चन्नी पंजाब के 16वें सीएम बने हैं। हालांकि, इस राज्य के वह पहले दलित सीएम हैं। चन्नी के साथ ओपी सोनी और सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी शपथ ली। सोमवार को राजभवन में राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने चन्नी के साथ दो अन्य नेताओं को शपथ दिलाई। बीते शनिवार कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब का नया मुख्यमंत्री बनाया गया है। राज्य में अगले साल मार्च महीने में चुनाव होने हैं।

### महाराष्ट्र के कोल्हापुर में धारा 144 लागू

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बप्पा का विसर्जन हो गया है। इस दौरान काफी भीड़ इकठ्ठा हुई थी। एहतियातन महाराष्ट्र के कोल्हापुर में धारा 144 लागू कर दी गई है। वहीं पांच से ज्यादा लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है। बता दें महाराष्ट्र में रविवार को कोविड-19 के 3,413 नए मामले सामने आए और 49 और मरीजों की मौत हो गई जिससे राज्य में अभी तक संक्रमित हुए व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 65,21,915 और मृतक संख्या बढ़कर 1,38,518 हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि दिन में 8,326 मरीजों को ठीक होने के बाद छुट्टी दे दी गई, जिससे महाराष्ट्र में अब तक ठीक होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 63,36,887 हो गई।

# चन्नी बने पंजाब के 16वें मुख्यमंत्री, दो डिप्टी सीएम भी



- **सुखजिंदर सिंह रंधावा व ओपी सोनी ने ली डिप्टी सीएम की शपथ**
- **प्रधानमंत्री ने चन्नी को पंजाब का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी**

**चंडीगढ़।** कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री के पद के नाम पर चल रही कशमकश अब ख़त्म हो गई है। आज चरणजीत सिंह चन्नी ने राजभवन में पंजाब के 16वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। पंजाब को दो डिप्टी सीएम इस बार मिले है। सुखजिंदर सिंह रंधावा और ओपी सोनी ने डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ली। इस समारोह में राहुल गांधी भी मुख्य तौर पर शामिल हुए। राजभवन में इस समारोह संबंधी सभी तैयारियां कल से ही शुरू हो गई थी। गत दिवस चरणजीत सिंह चन्नी के नाम पर हाईकमान की तरफ से मोहर लगा दी गई थी। उन्हें सीएम बनाने पर पूरी पंजाब की सियासत का समीकरण बदल गया है। इस समारोह में कैप्टन अमरिंदर सिंह शामिल नहीं हुए। हालांकि उन्होंने बीते दिन ही चन्नी को मुख्यमंत्री बनने के बाद शुभकामनाएं दे दी थी। इसके पहले रविवार को दिनभर मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सुगबुगाहटों का दौर चलता रहा। हालांकि शाम ढलते-ढलते कांग्रेस हाईकमान ने सभी सुगबुगाहटों पर विराम लगा दिया। इसके साथ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहली बार किसी दलित चेहरे को बैठाने का इतिहास भी रच दिया गया। वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने दलित को मुख्यमंत्री बनाने पर कहा कि यह कांग्रेस ने सभी सियासी दलों को धोबी पछाड़ किया है। पंजाब में चन्नी उत्तर भारत के पहले दलित मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि चन्नी सियासी चश्मे से हर बात को बारीकी से समझते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ट्वीट कर पंजाब का मुख्यमंत्री बनने पर चरणजीत सिंह चन्नी को बधाई दी और कहा कि वह राज्य सरकार के साथ मिलकर पंजाब की बेहतरी के लिए काम जारी रखेंगे। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में चन्नी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## चन्नी ने सीएम बनते ही बिजली-पानी के बिल माफ कर आम लोगों को दिया बड़ा तोहफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने पदभार संभालने के बाद किसानों और आम लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। चन्नी ने शपथ ग्रहण करने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा हम किसानों के पानी और बिजली के बिल माफ करेंगे। पंजाब के सीएम ने कहा पंजाब सरकार किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम केंद्र से तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की अपील करते हैं। अगर ये तीनों कानून वापस नहीं लिए गए तो किसानी खत्म हो जाएगी और पंजाब के हर परिवार पर फर्क पड़ेगा। उन्होंने कहा किसानों पर अगर किसी तरह की आंच आई तो वह अपनी गर्दन पेश कर देंगे। चंडीगढ़ में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चन्नी भावुक हो गए। उन्होंने खुद के गरीब परिवार में पैदा होने का जिक्र करते हुए कहा कि वह इस बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक आम आदमी को मुख्यमंत्री बना दिया है। उन्होंने कहा पार्टी सुप्रीम है। सीएम या एमएलए सुप्रीम नहीं है। उन्होंने कहा सरकार कांग्रेस की विचारधारा पर चलेगी, जो सबको साथ लेकर चलने की है।

# योगी सरकार का बड़ा फैसला 5 साल बढ़ेगी डॉक्टरों के रिटायरमेंट की उम्र



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉक्टरों के रिटायरमेंट की उम्र 5 साल बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री के इस फैसले को लेकर डॉक्टरों के बीच कहीं खुशी कहीं गम जैसा माहौल है। डॉक्टरों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा है तो एक वर्ग इससे उत्साहित भी है। डॉक्टरों के रिटायरमेंट की उम्र फिलहाल 65 साल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे 5 साल बढ़ाकर 70 साल करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री के इस फैसले के पीछे कोरोना काल में डॉक्टरों की संख्या में कमी को बड़ी वजह माना जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ने से उनके अनुभव का ज्यादा से ज्यादा लाभ लिया जा सकेगा। हालांकि, सरकार का यह फैसला लागू होने से पहले ही विवाद भी शुरू हो गए हैं। लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की फैकल्टी फोरम ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का विरोध किया है। फोरम के सदस्यों का कहना है कि उम्र बढ़ने के साथ ही कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याएं शुरू हो जाती हैं। ज्यादा उम्र के डॉक्टर मरीजों का बेहतर इलाज नहीं कर पाएंगे। इससे मरीजों का फायदा होने के बजाय नुकसान ही होगा। इसके अलावा अगर यह फैसला लागू होता है तो नए छात्रों के लिए फैकल्टी मेंबर की सीटें भी नहीं बढ़ पाएंगी जिससे नए डॉक्टरों को मौका नहीं मिल पाएगा। फोरम ने इस मामले में विरोध दर्ज कराने के लिए जनरल बॉडी मीटिंग बुलाने का निर्णय लिया है। दूसरी तरफ, कुछ डॉक्टर इस फैसले के समर्थन में भी आ गए हैं। ऐसे डॉक्टरों का कहना है कि राजनीति में 75 साल से ज्यादा उम्र वाले व्यक्ति काम कर रहे हैं।

# मप्र में डेंगू हुआ खतरनाक, शॉक सिंड्रोम से पीड़ित मिल रहे मरीज

### अंग फेल होने का खतरा सबसे अधिक हुआ



**भोपाल।** प्रदेश में पिछले तीन महीने से कहर ढा रहा डेंगू अब खतरनाक स्थित में पहुंच चुका है। कई शहरों में शॉक सिंड्रोम से पीड़ित मरीज मिले हैं। इस स्थित में मरीज के जरूरी अंग फेल होने का खतरा कई गुना अधिक बढ़ जाता है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के मुताबिक डेंगू पीड़ित को समय पर इलाज नहीं मिलने पर उसकी खून की नलियों में सूजन से अंदर का द्रव रिसकर लीवर, फेफड़े, पेट के आसपास जमा होने लगता है। ये किडनी और हार्ट फेल होने का खतरा बढ़ा देता है। ये काम करना बंद कर देते है। मल्टी ऑर्गन फेलियर की आशंका बढ़ जाती है। सामान्य बुखार समझकर दवा लेने वाले मरीजों में इस तरह के लक्षण अधिक मिल रहे हैं।

### मल्टीऑर्गन फेलियर का खतरा

चिकित्सकों के मुताबिक अभी वायरल बुखार के साथ ही डेंगू मरीज मिल रहे हैं। ऐसे में समय पर जांच कराकर ये पता लगाना जरूरी है कि असल बीमारी क्या है। डेंगू में प्लेटलेट्स कम होना बड़ी समस्या नहीं है। साधारण डेंगू में बुखार के साथ प्लेटलेट्स कम होती है, लेकिन फिर धीरे-धीरे बढ़ जाती है। पर समय पर इलाज न मिलने से स्थित बिगड़ रही है। डेंगू का असर ज्यादा होने पर वेसल्स से फ्लूट बाहर आने पर मरीज को शॉक सिंड्रोम से बचाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मरीज तेज बुखार के बाद धीरे-धीरे होश खोने लगते है। बीपी एकदम से लो हो जाता है। मल्टीऑर्गन फेलियर का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू पर पानी खूब लें। पौष्टिक खानपान अपनाएं। बुखार होने पर सिर्फ पैरोसिटामॉल लें। कोई और पेन किलर ना लें।

### लार्वा सर्वे और फॉगिंग को लेकर उठ रहे सवाल

जानकारों का कहना है कि अगस्त से डेंगू मलेरिया के मरीजों की संख्या बढने् लगती है। इसे रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक्शन प्लान बनाता है। इसमें पानी स्टोर करने वाले घर, छत, गमले, खाली पड़े प्लाट में पानी जमा होने पर उनका सर्वे कर लार्वा को पनपने से रोकने के लिए दवा का छिड़काव किया जाता है।

# संघ पता लगाएगा शिवराज सरकार कितनी खरी

### आज से दो दिन जनता की नब्ज टटोलेंगे मोहन भागवत

### संघ प्रमुख को जनता देगी सरकार के बारे में फीडबैक




**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत 21 और 22 सितंबर को दो दिवसीय प्रवास पर इंदौर आएंगे हैं। उनके दौरे से पहले सियासत भी गरमा सकती है। प्रवास के दौरान भागवत सत्ता और संगठन का फीड बैक लेंगे। समाज के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर वे समाज पर सरकार के कामों का असर और उसकी छवि का पता लगाएंगे। उनकी संघ के अनुषांगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात होगी। इस मुलाकात के दौरान जमीनी स्तर पर किए जा रहे संघ के कामों की समीक्षा की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, कोरोना गाइडलाइन के चलते उनका कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होगा और न ही कोई बड़ी बैठक होगी। दो दिनों तक वे इंदौर के विशिष्टजनों, शिक्षाविदों और स्टार्टअप करने वाले युवा उद्यमियों से चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि इन दिनों युवाओं पर संघ का ज्यादा फोकस है। यही वजह है कि मोहन भागवत अपनी इंदौर यात्रा के दौरान युवा उद्यमियों से मुलाकात करेंगे। मध्य प्रदेश में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे कितने हावी होंगे, इसका आंकलन भी इन मुलाकातों से किया जाएगा।

संघ प्रमुख के प्रवास के दौरान उम्मीद है कि भाजपा के कई बड़े नेता भी मुलाकात के लिए यहां पहुंच सकते हैं। संघ प्रमुख के प्रवास से मीडिया को दूर रखा गया है। भाजपा के प्रवक्ता उमेश शर्मा का कहना है कि सर संघचालक के इस प्रकार के प्रवास संघ की कार्यपद्धति का एक अंग है। इस बार का उनका प्रवास संपर्क पर केन्द्रित रहेगा और वे समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद करेंगे।







# अवैध शराब का कारोबार चरम सीमा पर बिना खौफ के संचालित हैं कई अवैध फैक्ट्रियां- विभाग मौन

शिवपुरी।







पिछोर अनुविभाग में आने वाले खनियाधाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। खनियांधाना थाना क्षेत्र में जहरीली शराब का कारोबार लंबे समय से चल रहा है कुछ दिनों पहले पुलिस व आबकारी विभाग ने अभियान चलाकर कार्रवाई की थी। लेकिन अवैध शराब का कारोबार नहीं थमा। खनियाधाना में अनेक गांवों में कच्ची शराब बनाकर बेचने का कार्य चल रहा है। ग्राम पंचायत नदनवारा और मुसाहिब मोहल्ला खनियाधाना में खुलेआम अवैध कच्ची जहरीली शराब का कारोबार बेधड़क चल रहा है नदनवारा ओर खिरिया में नदी तालाब ग्रामीण इलाकों में जंगलों में भट्टियां लगाकर शराब बनाई जाती है। पुलिस व आबकारी विभाग ने कभी कोई कार्यवाही नही की, शराब माफिया दिन दहा? जगह-जगह अवैध शराब खुलेआम बेच रहे हैं। इसके बावजूद भी पुलिस एवं आबकारी विभाग अफसर हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए हैं।

### कच्ची शराब में मिलाते हैं यूरिया

खनियाधाना थाना अंतर्गत नदनवारा, मुसाहिब मोहल्ला,ओर सिलपुरा कंजर डेरा,गु?र कंजर डेरा,अछरोनी, पनिहारा तिराहा,सहित ग्राम पंचायत गुडर में बेजिझक अवैध कच्ची शराब का कारोबार किया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर लोग महुआ से कच्ची शराब बनाते हैं। लेकिन कुछ क्षेत्रों में शराब की तीव्रता ब?ाने के लिए यूरिया, नीला थोथा व ज्यादा स्प्रिट मिलाया जाता है। कई बार शराब के साथ यूरिया, नीला थोथा भी जब्त किया जा चुका है।

### ठेकेदार के इशारे पर काम करता है आबकारी विभाग

शिवपुरी आबकारी विभाग सैलेरी तो मध्यप्रदेश शासन से ले रहा है लेकिन ठेकेदार के इशारे पर काम करता है । जहां पर ठेकेदार की कमीशन की शराब नहीं बिकती है ठेकेदार के गुर्गों के साथ आबकारी विभाग कार्यवाही करने पहुंच जाता है और जहां ठेकेदार की शराब गावों में कमीशन पर बिक रही है वहां से आबकारी विभाग को कोई लेना देना नही है। और इसी का कारण है कि कमीशन के फेर में ठेकेदार की शराब के साथ कच्ची शराब भी बिकती है क्योंकि कच्ची शराब ठेकेदार की शराब से सस्ती होती है ।

### इन जगह हो रहा है और अवैध शराब का बेधड़क कारोबार

तालाब के पास,पिछोर वायपास, पोठ्याई,गुडर रोड, सिलपुरा, रेडीचौराहा, पिपरा भोपाल इंदौर,हाइवे के पास होटलो ,मायापुर,ओ?ी, जैरा घाटी,देवखो, कफार, घिलोंद्रा, पूरा, पनिहारा चौराहा, गताझलकोई, भोडन,जुंगीपुर, बुकर्रा, खिसलौनी में जमकर अवैध शराब का कारोबार चल रहा है।

## गायब हुए बीरू की कुएं में तैरती मिली लाश, दोस्त बोले सट्टे के रट्टे में गई है जान

शिवपुरी।



जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के ग्राम बछौरा में रविवार रात्रि से गायब एक युवक की लाश सोमवार को कुएं में तैरती हुई मिली है। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कुएं से बाहर निकालकर पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है जानकारी के अनुसार बीरू धाकड पुत्र रामदयाल धाकड उम्र 20 साल निलवासी बछौरा बीती रात्रि लगभग 8 बजे से लापता था। परिजनों ने उक्त मामले की सूचना पुलिस सहित अपने रिश्तेदारों को दी। सभी युवक की खोज में पूरी रात्रि लगे रहे परंतु युवक का कही कोई पता नहीं चला। परंतु सोमवार सुबह उक्त युवक की लाश पास ही स्थिति एक कुएं में मिली है। इस मामले में मृतक के दोस्तों ने बताया है कि युवक को सट्टे की आदत लग गई थी। जिसे लेकर वह सट्टे में रूपए हार गया था और संभवत- उसने इसी कर्जे के चलते आत्महत्या का कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गणेश विसर्जन में विवाद, बीच बचाव करने आए युवक के गुप्तांग मे मारी लात, मौत



शिवपुरी। खबर जिले के करैरा थाना क्षेत्राअंतर्गत आने वाली महुअर नदी कि है जहाँ गणेश विसर्जन के दौरान डीजे पर गाना बदलने को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में एक युवक ने अपने ही साथी के गुप्तांग में लात मार दी,जिससे उसकी मौत हो गई,पुलिस ने हत्या के सभी आरोपियो को चंद घंटो में गिरफ्तार कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम टोडा थाना पिछोर के जाटव समाज के लोगो ने अपने गांव टोडा में गणेशजी की स्थापना की थी,कल अनंत चौदहस पर ग्रामीण गणेशजी के विसर्जन के लिए धूमधाम से गणेशजी के विमान को डीजे बजाते हुए करैरा थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाली भौंती के पास स्थित महुअर नदी में लाए थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही गणेश जी का विमान महुअर नदी के पास पहुंचा डीजे पर गाने बजाने को लेकर विवाद हो गया,गणेश विमान के साथ गणेशजी के विसर्जन को आए बृजमोहन जाटव वोला कि डीजे पर मेरा वाला गाना बजेगा,इस पर साथ में आए प्रकाश जाटव ने कहा जो गाना चल रहा है उसी को चलने दो। इस बात पर बृजमोहन भडक गया और प्रकाश जाटव को मां बहन की गाली देने लगा प्रकाश ने गालियां देने से मना किया तो बृजमोहन ने प्रकाश की लात घूंसों से मारपीट करने लगा,इससे प्रकाश के दाहिने पैर के घुटने में मूदी चोट आई। झगडा देखकर जिहान सिंह उर्फ गुट्टी जाटव, हरदास जाटव पहुंचे गए और बीच बचाव करने लगे,इस झगडे में गांव के ही बाबूलाल जाटव और जीवनलाल भी आ गया,विवाद सुलटने की जगह बडने लगा और झगडा शांत कराने आए जिहान सिहं जाटव में बृजमोहन ने लात मार दी जो जिहान सिंह के गुप्तांग मे लगी,जिससे जिहान सिंह उम्र 35 साल की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में मृतक के नाती अजीत पुत्र ज्ञानसिंह जाटव उम्र 19 वर्ष नि.टोडा पिछोर की फरियाद पर करैरा थाने में अपराध क्र. 537/21 धारा 302,34 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। करैरा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर से भौती- पिछोर रोड पर से आरोपीगण ब्रजमोहन जाटव जीवनलाल जाटव, बाबूलाल जाटव नि0गण टोडा पिछोर को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका ज्ञ्ढ्ढ करैरा श्रीअमित भदौरिया, स्ढ्ढ मनीष जादौन, आर. सोनू पाण्डेय, आर. अभयराज, आर. देवेश तोमर, आर.मनीष कोली, आर. राघेवन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## गहोई वैश्य समाज के चुनाव सम्पन्न गिरीश सचिव एवं मदन बने अध्यक्ष

शिवपुरी।



शिवपुरी विगत दिवस स्थानीय गहोई वैश्य समाज के चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष इत्यादि पदाधिकारियों का चयन शांतिपूर्वक तरीके से किया गया। चुनाव प्रक्रिया स्थानीय ऋषि मैरिज गार्डन में संपन्न हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर मदन बड़कुल एवं सचिव गिरीश चौधरी को चुना गया। इसी तरह जितेंद्र गेडा नांगली वाले कोषाध्यक्ष पद के लिए चुने गए। चुनाव प्रक्रिया में पदाधिकारियों को चुनने के लिए मतदान प्रक्रिया समाज बंधुओं के द्वारा की गई जो पूरी तरह शांतिपूर्वक संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार खड़े हुए थे जिनमें मदन बड़कुल को विजय हासिल हुई । चुने गए पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल में समाज हित में पूरे अनुशासन में कार्य करने की बात कही। इससे पूर्व सभी वरिष्ठ जनों ने चुनाव सर्वसम्मति से होने और बिना मतदान के आपसी सहमति से होने की कोशिश की, लेकिन आपसी सहमति न बन पाने के कारण मतदान प्रक्रिया से चुनाव संपन्न हुए। खास बात यह है कि चुनाव के दौरान कोई बहस अथवा अशांति का माहौल पैदा नहीं हुआ और पूरी तरह शांति पूर्वक व कोरोना अनुशासन का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इस मौके पर चुने गए पदाधिकारियों को मनोज बड़ेरिया सुरेश सेठ, सुरेश गेडा, नीरज चाऊदा, आशीष चाऊदा चंदावली वाले, रवि बड़ेरिया तथा दीपू गेडा सिरसोद वालों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## सडक पर खरपतवार, एसडीएम ने किया निरीक्षण, नगर पालिका चलाएगी अभियान

शिवपुरी।



शिवपुरी के नवागत एसडीएम गणेश जायसवाल ने सोमवार को अपने पूरे दल बल के साथ सर्कुलर रोड का निरीक्षण किया। संपूर्ण रोड का निरीक्षण करने के पश्चात पाया कि रोड के दोनों ओर जो बड़ी-बड़ी खरपतवार खड़ी है वह दोनों ओर से आने वाले वाहनों के लिए मुसीबत का कारण बनी हुई है साथ ही इस खरपतवार मे छोटे कीडे और मच्छार पलते हैं जो डेंगू एवं अन्य बीमारियों की वाहक होते है। एसडीएम शिवपुरी ने निरीक्षण किया और नगर पालिका को निर्देशित किया कि वह अपनी टीम लगाकर दोनों ओर की खरपतवार को हटाए, साथ ही दवा का छिड़काव भी किया जाए, जिससे लोगों को सुरक्षा कवच दिया जा सके। एसडीएम शिवपुरी के साथ निरीक्षण दल में तहसीलदार शिवपुरी सहित नगर पालिका के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## धर्म के घर पर हुआ अधर्म,विनेगा आश्रम पर सेवादार राहुल ने दिवगंत महाराज ब्रजानंद को किया अपना पिता घोषित, पुलिस में दर्ज हुआ मामला

शिवपुरी। जिले के सतनवाडा थाना अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध आश्रम विनेगा आश्रम के एक सेवादार पर धोखाधडी का मामला दर्ज किया हैं। बताया जा रहा हैं कि आरोपी ने आश्रम के दिवगंत संत ब्रजानंद की संपत्ति का उत्तराधिकारी बनने के लिए फर्जी दास्तावेज तैयार कर षडयंत्र की रचना की है।जहाँ पुलिस ने एक आवेदन की जांच करते हुए युवक पर मामला दर्ज कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार विनेगा आश्रम के सेवादार विक्रांत तोमर ने कुछ दिन पूर्व सतनवाडा थाने में आवेदन दिया था। आवेदन के अनुसार 2013 से आश्रम में सेवादार बनकर रह रहा युवक राहुल पुत्र वीरेन्द्र गुप्ता निवासी आलीगढ से आश्रम पर आता जाता रहता था। सेवादार ने विक्रांत ने बताया कि वह एक दिन आश्रम के मुख्य संत दिवगंत ब्रजानंद महाराज के कक्ष की सफाई कर रहा था। तभी सफाई में उसे कागजात मिले,उन दास्तावेजा को देखा तो वह राहुल के थे,इसमें चौकाने वाली बात यह थी सफाई मे मिल दास्तावेज जैसे आधार कार्ड,वोटर कार्ड,पासपोर्ट में राहुल के पिता का नाम संत ब्रजांनद लिखा हैं।

## मध्यदेशीय अग्रवाल समाज ने कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का किया स्वागत

**समाज अध्यक्ष गौरव सिंघल के प्रयासों को सराहा कि 2 जून से अब तक 15 हजार लोगों का कराया गया वैक्सीनेशन**

**शिवपुरी।** कोरोना जैसे संक्रमण के दौर में ना जाने कितने लोगों ने अपनों को खो दियाए हम वह लोग तो वापिस नहीं लौटा सकते लेकिन जो हैं उनकी रक्षा के लिए कृतए संकल्पित है ऐसे में कोरोना संक्रमण जैसे भयावह बीमारी की रोकथाम और बचाव को लेकर जो कार्य मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरव सिंघल के प्रयासों से संभव हुआ जिसमें 2 जून से अब तक 15 हजार लोगों का टीकाकरण कराया जाना निश्चित रूप से अग्रवाल समाज और समाज अध्यक्ष ने इस कोरोना संक्रमण की रोकथा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है ऐसे लोग ही समाजसेवा में अपना एक मुकाम हासिल करते हैए अग्रवाल समाज का यह कार्य आगे भी जारी रहे और अन्य लोग जो इस वैक्सीनेशन से छूट गए है उन्हें भी यहां वैक्सीनेशन के रूप में कोरोना का टीका लगाया जाएए ऐसा कार्य करें। मध्यदेश्शीय अग्रवाल समाज का इस कोरोना वैक्सीनेशन के प्रति अपना भाव प्रकट किया मप्र शासन की कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने जो स्वयं मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के इस वैक्सीनेशन शिविर कार्यक्रम में पहुंची और अपने सम्मुख ही कई लोगों को कोरोना का टीका लगवाया गया। इस दौरान मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरव सिंघल के द्वारा कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के आगमन को लेकर विशेष तैयारियां की गई थी जिसमें पूरे वैक्सीनेशन सेंटर मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला को मुख्य द्वार से वैक्सीनेशन तक फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। इसके साथ ही गौरव सिंघल के द्वारा अपने समाज पदाधिकारियों वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निशा गुप्ता, उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम गोयल, महिला महामंत्री श्रीमती रेणु सिंघल, सह मंत्री श्रीमती रेणु अग्रवाल, सहमंत्री शुभम गर्ग मामा, प्रचार मंत्री विकास गोयल के साथ कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का वैक्सीनेशन सेंटर पर आगमन को लेकर बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया जिससे कैबीनेट मंत्री भी प्रभावित हुई और सभी अग्रवाल समाज का अपने संदेश के जरिए इस स्वागत समारोह के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष अजीत अग्रवाल ठेईया, निर्मल गुप्ता, अनूप गोयल, ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत जैन आदि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## चाबी घर के बाहर उर्जा मंत्री के खिलाफ हुई नारेबाजी, हंगामा, ताला लगाकर भागे जिम्मेदार

शिवपुरी।



शहर के वार्ड नम्बर 33 चीलोद में पिछले डेढ़ माह से खराब पड़ी डीपी को बदलवाने और अघोषित बिजली कटौती से परेशान वार्ड वासियों ने सोमवार की सुबह माधव चौक चोराहे पर स्थित बिजली घर पर धरना प्रदर्शन कर वहां घेराव कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का आक्रोश देखकर मौजूद कर्मचारी और अधिकारी वहां ताला लगाकर भाग गए।बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी मौके पर बिजली अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में बिजली अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने लोगों को अश्वस्त किया कि शाम तक उनकी डीपी बदल दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी वहां से हटे।जानकारी के अनुसार चीलोद क्षेत्र में लगभग डेढ़ माह से एक डीपी खराब पड़ी है। इस कारण वहां के लोगों को बिजली समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर वार्ड के लोगों ने कई बार बिजली अधिकारियों से सम्पर्क किया। लेकिन उन्हें बिजली अधिकारी आश्वस्त कर वहां से चलता कर देते थे। वहीं ऐसी स्थिति में वार्ड के लोग काफी परेशान थे।वहीं लगातार मैंटनेंस के नाम पर अघोषित बिजली कटौती भी की जा रही थी। जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया और वह आज सुबह रैली की शक्ल में बिजली घर का घेराव करने आ गए। जहां उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी और कुछ लोग आक्रोशित हो गए। जिन्हें देखकर वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारी बिजली घर के मुख्य दरबाजे का ताला लगाकर वहां से भाग गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रास्ता जाम कर दिया और ऊर्जा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर आ गई और लोगों को रास्ते से हटने के लिए कहा। लेकिन वह बिना डीपी बदलवाए वहां से हटने को राजी नहीं हुए। उनकी मांग थी कि बिजली अधिकारियों को यहां बुलाया जाए और उनकी समस्या का निराकरण किया जाए। बाद में पुलिस ने बिजली कम्पनी के अधिकारियों से सम्पर्क साधा और उन्हें मौके पर बुलाया। इसके बाद बिजली अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि आज शाम तक उनकी डीपी बदल दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद वह लोग वहां से हटने को राजी हुए। इस मामले में अधिकारीयों ने स्वीकार किया है कि इस ट्रासंफार्मर पर लोड अधिक होने के चलते डीपी बार बार फुक रही है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में हीटरों के चलते लोड बडा हुआ है।

# फूप में अवैध रूप से चल रहे आधार केन्द्र पर कार्यवाही

**भिण्ड।** फूप नगर में करीबन तीन दिनों से बिना परमिशन के अटेर रोड़ एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल के नीचे तलघर में आधार कार्ड सुधार केंद्र संचालित हो रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर भिण्ड जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को मौके पर पहुंचकर मुआयना किया गया, तो केंद्र पर बहुत सारी अनियमितताएं देखने को मिली। जिसमें काम कर रहे कर्मचारियों के पास ना तो कंपनी की तरफ से दिया जाने वाला कोई वैध पहचान पत्र मिला और ना ही फूप नगर में कोई आधार सुधार केंद्र संचालित करने के लिए किसी भी जिला प्रशासनिक अधिकारी का सहमति पत्र मिला। जिसको देखते हुए मौके पर मुआयना करने पहुंचे अधिकारियों द्वारा उक्त कार्यवाई करते हुए, पंचनामा बनाकर मौके से सी.पी.यू जप्त कर पहले जिला प्रशासन की सहमति लेकर फिर सुरक्षित जगह पर वैध रूप से संचालित करने के लिए कहा गया।



## ऑनलाईन लाटरी प्रक्रिया में गैर ऑनलाईन आवेदक सम्मिलित नहीं होंगे

**भिण्ड ।** आरटीई अन्तर्गत छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र 2020-21 की प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जोन की राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी किये गये निर्देश के तहत जिन आवेदको द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया है। किन्तु जनशिक्षा केन्द्र में जाकर सत्यापन नहीं कराया है वह आवेदक ऑनलाईन लाटरी प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक वरूण अवस्थी ने समस्त खण्ड स्त्रोत समन्वयक से कहा है कि वे अपने स्तर से सभी छात्रों को अवगत कराये कि सत्र 2020-21 के निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत जारी समय सारणी में छात्रहितो को ध्यान में रखते हुए संशोधित समय सारणी जारी करना सुनिष्चित करें।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा भिंड और सतना जिले में बच्चों की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड जिले के मेहगांव में वन खंडेश्वर के पास तालाब में 4 बच्चों की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रभावित परिवारों की आर्थिक सहायता के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

## 22 को केंद्रीय मंत्री सिंधिया का ग्वालियर आगमन, भिण्ड से जाएंगे हजारों भाजपा कार्यकर्ता



**भिण्ड।** केंद्र की मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद केंद्रीय नगर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रथम बार ग्वालियर पधार रहे हैं, केंद्रीय मंत्री बनने के बाद श्री सिंधिया का ये प्रथम 3 दिवसीय दौरा है, ग्वालियर आगमन पर ग्वालियर चम्बल अंचल के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत करने की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया केंद्र की यशस्वी मोदी सरकार की कैबिनेट के हिस्सा बनने के बाद पहली बार 3 दिवसीय दौरे में ग्वालियर आ रहे हैं,उनके स्वागत की तैयारियां भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने शुरू कर दी हैं।डॉ रमेश दुबे ने बताया कि भिण्ड जिले से भी हजारों भाजपा कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत करने के लिए चार पाहिया वाहनों,बसों एवं अन्य साधनों के माध्यम से ग्वालियर पहुंचेगे और केंद्रीय मंत्री सिंधिया का पुष्पवर्षा करके जबरदस्त स्वागत करेंगे। डॉ रमेश दुबे ने कहा कि श्री सिंधिया के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की है कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ही श्री सिंधिया का स्वागत करें। डॉ रमेश दुबे ने कहा भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्तागणों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में ग्वालियर पहुंचकर भिण्ड जिले के स्वागत को अभूतपूर्व बनाने के लिए उपस्थित रहें। स्वागत अपील करने वालों में जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया सहित समस्त मण्डल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

## भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वोपरि : डॉ उपाध्याय

**भिण्ड।** भारतीय संस्कृति सर्वाधिक प्राचीन एवं उत्कृष्ट है और इस विशेषता के कारण हमारा अस्तित्व है, इसे सतत बनाए रखने की आवश्यकता है उक्त विचार डॉक्टर राम किशोर उपाध्याय ने विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा भिंड द्वारा आयोजित विश्व बंधुत्व दिवस के विमर्श कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति तो विश्व बंधुत्व के साथ-साथ ब्रह्मांड के साथ एकात्मता की अनुभूति करने की प्रेरणा देती है शिकागो धर्म सम्मेलन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता और सार्वभौमिकता विश्व के लिए संदेश है जिसके कारण सहनशीलता का विचार दुनिया में फैला यही वजह रही कि यहां जो भी आए संस्कृति में मिलते गए तथा विचारों को मानवता की भलाई के लिए प्रदान करने के कारण ही भारत का अस्तित्व है उन्होंने आगे कहा कि धर्म ग्रंथों के साथ-साथ अब वैज्ञानिक तौर पर भी प्रामाणिक होने लगा है कि जो अनुसंधान विश्व के अन्य देश आज कर रहे हैं उन सभी का ज्ञान हमारे पूर्वजों को पहले से ही था इसके पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ ओमकार मंत्र एवं गीत के साथ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही केंद्र की संचालिका कृष्णकांता तोमर ने युवाओं से विवेकानंद के विचारों को आजाद करने का आवाहन किया कार्यक्रम का सफल संचालन श्रावण पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ शैलेंद्र परिहार, प्रोफेसर इकबाल अली, रमन मित्तल, डोक्टर सुमित्रा भदोरिया, आर एन तिवारी, धीरज सिंह गुर्जर, कप्तान सिंह राठौर, आभा जैन, रामअवतार शिवहरे, कमलेश सेतिया, नितिन दिक्षित, उपेंद्र मिश्रा, रेखा अग्रवाल सहित एक सैकड़ा से अधिक गणमान्य एवं केंद्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## मंत्री, विधायक ने वृहद वृक्षारोपण के कार्यक्रम का किया अवलोकन



**भिण्ड।** पी एन सी इन्फ्राटेक द्वारा ग्वालियर -भिण्ड -इटावा रोड एन.एच. -92 पर चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण के कार्यक्रम में मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, विधायक संजीव कुशवाह, सतीश कुमार कलेक्टर भिंड, राजेश दयामा एजीएम (एम.पी.आर.डी.सी.) और सम्राट अशोक मिश्रा सीनियर इंजीनियर (एम.पी. हाईवेज) का अवलोकन किया। पी एन सी इन्फ्राटेक के वरिष्ठ अधिकारी अमित सिंह राठौर व सम्राट अशोक मिश्रा ने साथ ही 2021 में 6 हजार पौधे ट्री गार्ड सहित लगाने का संकल्प लिया है। अभी तक एनएच 92 ग्वालियर से बरही तक एक माह के अंदर दो हजार पौधे लगा जा चुके है। चार हजार पौधेअभी लगना बाकी है सीनियर मैनेजर अमित सिंहराठौर के अनुसार नेशनलहाईवे के किनारे प्रति वर्ष बरसात के समय छायादार पौधे लगाए जाते हैं, तथा इनकी सुरक्षा हेतु टी गार्ड भी लगाए जाते हैं और टैंकरों द्वारापानीपौधों को समय-समय पर दिया जाता है इस काम के लिए करीब 2 दर्जन से अधिक कर्मचारी तैनात रहते हैं। एन एच 92के किनारे अभी तक 25 हजार से 30 हजार के बीच पौधे

## अवैध तरीके से बैलों को भरकर ले जा रहे कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा

**भिण्ड।** मिहोना थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध तरीके से भरकर ले जा रहे कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस को देखकर कंटेनर चालक भाग गया। कंटेनर में बड़ी तादाद में बैलों को ठूंसकर भरा गया। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर को खोलकर देखा जिसमें बड़ी तादाद में बैल थे जिसमें 5 की मौत हो चुकी थी। वहीं नौ को जब्त कर वाहन चालक पर कार्रवाई की गई।

मिहोना थाना पुलिस के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कंटेनर क्रमांक यूपी 21 एन 5776 पर गौवंश को ले जाया जा रहा है। यह सूचना पर एक यह कंटेनर आता हुआ दिखा पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन को रोका तो वाहन चालक ने वाहन साइड से खड़ा कर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने कंटेनर को खोला तो उसमें बैलों को ठूंसकर भरे गए थे। जैसे ही कंटेनर का गेट खोला वैसे ही बैल भाग खड़े हुए। पुलिस को कंटेनर के अंदर पांच बैल मृत



## क्या पुलिस अधीक्षक से भी बड़े हो गए थाना प्रभारी?

### आखिर किसके संरक्षण में सरेआम हो रही अवैध वसूली?

**भिण्ड।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता डॉ अनिल भारद्वाज ने शासन प्रशासन की तीखे शब्दो से आलोचना की है उन्होंने कहा कि विगत दिवस समाचार पत्रों में गोहद क्षेत्र में विभिन्न थानों के अंतर्गत हो रही अवैध वसूली, अवैध उत्खनन व परिवहन की प्रकाशित खबरों से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, माफियाराज और अवैध वसूली, अवैध उत्खनन का कारोबार चरम पर है, आये दिन किसी न किसी विभाग की भ्रष्टाचार की खबरें प्रकाशित होती रहती हैं। माफियाओं पर शिकंजा कसने का दंभ भरने वाले प्रदेश के मुखिया के सभी दावे खोखले नजर आ रहे हैं जिले में भ्रष्टाचार और सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों की मनमानी किस चरम पर है इस बात का अंदाजा इसी से लगता है कि अभी हाल ही में विभिन्न विभागों में नियमविरुद्ध तरीके से हुए स्थानन्तरण से लगाया जा सकता है दूसरा गोहद में ओलावृष्टि घोटाला अगर सरकार के खिलाफ कोई बोलने या शासन प्रशासन के नुमाइंदे द्वारा किये जा रहे अवैध कार्यों या भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई आवाज भी उठाए तो उस पर फर्जी मुकद्दमा दर्ज करवाकर उसकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण इंदौर में पूर्व मंत्री विधायक जीतू पटवारी और गोहद में पत्रकार पंकज तोमर हैं। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने दवा का छिड़काव ठीक तरह से न करने पर कर्मचारी को जरा सा हड़का क्या दिया? उन पर षड्यंत्र पूर्वक फर्जी अपराध पंजीबद्ध करवा दिया, ऐसा ही मामला गोहद में देखने को मिला पत्रकार पंकज तोमर द्वारा थाना प्रभारी के खिलाफ खबर चलाने पर षड्यंत्र पूर्वक पत्रकार पर अनुसूचित जाति एक्ट लगवाकर अपराध पंजीबद्ध कर दिया। इतना कुछ होने के बाद भी पुलिस अधीक्षक ने कोई ठोस कदम नही उठाया क्या पुलिस कप्तान से भी बड़ा हो गया थाना प्रभारी? आखिर कब तक भाजपा के कुशाशन के कारण अफसरशाही हावी रहेगी?

## जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत आज मेहगांव में

**भिण्ड ।** राजस्व एवं परिवहन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत 21 सितम्बर 2021 को मेहगांव एक दिवसीय प्रवास पर पधार रहे है। राजस्व एवं परिवहन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत 21 सितम्बर 2021 को दोपहर 12 बजे से ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे मेहगांव आएंगे तथा सेवा एवं समर्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।



राजस्व मंत्री श्री राजपूत दोपहर 2.30 बजे मेहगांव में ही तालाब में डूबने से मृत हुए बच्चों के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त करने पहुंचेगें। परिवहन मंत्री श्री राजपूत अपरान्ह 3 बजे मेहगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 4 बजे ग्वालियर पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम ग्वालियर में ही करेंगे।

### मृतकों के परिजनों को देंगे 4 लाख की सांत्वना राशि

प्रभारी मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार सूबे के हर व्यक्ति के दुःख को अपना समझती है इसीलिए मुख्यमंत्री राहत सहायता कोष से इस वीभत्स घटना के प्रत्येक म्रतक बालक के परिजनों को लाख की राशि प्रदान करने के लिये जिला कलेक्टर को आदेश दिया है और 21 सितम्बर को मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी सम्वेदनाएँ प्रकट कर उन्हें सम्बल प्रदान करेंगे और उन्हें 4-4 लाख के चैक प्रदान करेंगे।

## महिला ने घटका जहरीला पदार्थ

**भिण्ड।** गोहद थाना क्षेत्र के चितौरा निवासी एक महिला ने किसी अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ घटक लिया, जिसके बाद उसकी हालत खराब हुई तो परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर दौड़े जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार प्रियंका पत्नी सोनू राणा उम्र 19 वर्ष निवासी चितौरा ने 16 सितंबर सुबह 8.15 बजे जहरीला पदार्थ घटक लिया,लेकर दौड़े तो डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## छत के कुंदे से महिला ने लगाई फांसी

**भिण्ड।** एक महिला ने छत के कुंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उताकर पीएम कराया और परिजनों के सुर्पुद कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसर संध्या पत्नी राघवेन्द्र सिंह चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी मलपुरा जिसने किसी अज्ञात कारणों के चलते रविवार शाम 6 बजे छत के कुंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

## पत्नी ने पति से मांगे रुपये न देने पर करायी एफआईआर

भिण्ड। गोहद थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.5 निवासी एक महिला ने अपने पति से घर खर्च के लिए रुपये मांग तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, तो पत्नी ने थाने पहुंचकर पति पर एफआईआर दर्ज करायी।

## गरीव असहाय व्यक्ति की मदद करना सबसे बड़ी समाजसेवा : भदौरिया

**गोरमी।** नगर के मेहगांव रोड स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन प्रांगण में समाजसेवी स्वर्गी रामनारायण जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जैन मिलन गोरमी एवं स्वर्गीय रामनारायण जैन के परिवार द्वारा किया गया नेत्र परीक्षण शिविर में एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर में 2 दर्जन से अधिक मरीजों को चिन्हित कर उनका मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन रतन ज्योति चेर्टिबल ट्रस्ट ग्वालियर द्वारा किया जाएगा। जिसमे आने जाने खाने तक कि व्यबस्था निशुल्क है। नेत्र शिविर के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा नेता डॉ भारत सिंह कुशवाहा एवं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक राजकुमार जैन मान सिंह यादव मौजूद थे।इस अबसर पर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी डॉ भारत सिंह भदौरिया ने कहा कि स्वर्गीय रामनारायण जैन की स्मृति में उनके परिवार द्वारा जो नेत्र शिविर का आयोजन हुआ है ये बड़ा ही परोपकारी कार्य है ऐसे आयोजन समाज मे होते रहने चाहिये। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि पीड़ित शोषित व्यक्ति की मदत करना सच्ची समाजसेवा है जैन मिलन इसमे हमेशा आगे रहता है।आज के नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र ज्योति हॉस्पिटल ग्वालियर की पूरी स्वास्थ्य टीम मौजूद थी। कार्यक्रम के आयोजक राजेश जैन राजकुमार जैन जयकुमार जैन में सभी डॉक्टर पत्रकार एवं जैन मिलन के सदस्यों का भी इस अवसर पर सहयोग के लिये सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रगट राजेश जैन बंटी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजकुमार जैन, मान सिंह यादव, अनिल जैन, बल्लू पांडे, कमलेश जैन, अजीत जैन, संजीव जैन, राय सिंह भदौरिया, सोनू भदौरिया, राकेश भदौरिया नेता, मोनू जैन, अतुल जैन, के के जैन, आशिष जैन, नीतेश जैन, अरविंद जैन, सहित जैन, अंगे यादव मिलन के सभी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 1 अक्टूबर को

**भिण्ड ।** प्रति वर्ष की भांति सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण भोपाल के निर्देषानुसार जिले में संचालित वृद्धाश्रम लहार, दबोह, मौ एवं भिण्ड में 1 अक्टूबर 2021 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर वरिष्ठजनों को शतायु सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण भिण्ड ने सभी नागरिको से अनुरोध किया है कि अपने में शतायु प्राप्त वृद्धजन का आयु प्रमाण पत्र छायाचित्र सहित अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित वृद्धाश्रमों में 25 सितम्बर 2021 तक पंजीकरण कराऐ, ताकि 1 अक्टूबर 2021 को आयोजित होने वाले वृद्धजन दिवस पर सम्मानित किया जाना सुनिश्चित हो सके।

## कैप्टन की विदाई

कैप्टन अमरिंदर सिंह को पंजाब की कुर्सी छोडने् के लिए मजबूर करना यकायक नहीं था। इसकी पटकथा तो एक साल पहले ही तैयार हो चुकी थी। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस हाईकमान की चुनौती बन चुके थे। वो जब कांग्रेस के प्रधान बने तो हाईकमान की नहीं सुनी। जब मुख्यमंत्री रहे तो पंजाब में संगठन को दरकिनार कर दिया। इसके बाद ही कांग्रेस हाईकमान ने हरीश रावत को इसका जरिया बनाया। रावत पंजाब आए और कैप्टन के सबसे बड़े मुखर विरोधी नवजोत सिद्धू को फिर सक्रिय राजनीति में लेकर आए। उनका पंजाब में कांग्रेस प्रधान बनाने का रास्ता तैयार किया। इसी वजह से कैप्टन को अपमानित होकर पंजाब के सीएम की कुर्सी छोडनी् पड़ी। 2017 में जब पंजाब में कांग्रेस सरकार बनी तो नवजोत सिद्धू स्थानीय निकाय मंत्री बनाए गए। सिद्धू ने जिस अंदाज में मंत्रालय चलाया, उसने कैप्टन के लिए मुश्किल खड़ी कर दी। नतीजा, कैप्टन ने कैबिनेट में बदलाव कर दिया। सिद्धू को स्थानीय निकाय से हटा बिजली मंत्री बना दिया। सिद्धू नाराज हो गए और सियासी वनवास पर चले गए। सिद्धू सिर्फ सोशल मीडिया पर ही एक्टिव रहे। कांग्रेस ने हरीश रावत को पंजाब का प्रभारी बनाया। वो पंजाब आए और कैप्टन के बाद पटियाला जाकर सिद्धू से मिले। वहां सिद्धू को संदेश मिल गया कि कैप्टन को निपटाने के लिए हाईकमान उनके साथ है। बाहर आकर उन्होंने सिद्धू को कांग्रेस का भविष्य बता दिया। इसके बाद सिद्धू तेजी से एक्टिव होते गए। उन्होंने नशा, बेअदबी, महंगी बिजली समझौते के मुद्दे पर कैप्टन को घेरना शुरू कर दिया। कांग्रेस हाईकमान कैप्टन की छुट्टी के मूड़ में था। जरूरत थी तो एक ऐसे कांग्रेसी की, जो कैप्टन के सियासी कद को टक्कर दे सके। इसके लिए सिद्धू बढ़िया विकल्प मिल गए। हाईकमान ने सुनील जाखड़ की विदाई की तैयारी कर ली। अभी पंजाब प्रधान को लेकर मंथन जारी ही था कि रावत ने कह दिया कि सिद्धू अगले पंजाब प्रधान होंगे। कैप्टन के लिए यही बड़ा संकेत था लेकिन वो समझ नहीं पाए। कांग्रेस हाईकमान से स्पष्ट संदेश था तो सिद्धू ग्रुप ने बगावत शुरू कर दी। दो बार विधायक दिल्ली गए। कांग्रेस ने खडगे् कमेटी बना दी। कैप्टन की भी पेशी होती गई लेकिन वो अड़े रहे। इसके बाद बगावत हुई तो हाईकमान ने मंत्रियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। कैप्टन इसे समझ न सके और इसके बाद गुपचुप लेटर निकलवा विधायक दल बैठक बुलाने को कह दिया गया। अंत में उन्हें अपमानजनक विदाई लेनी पड़ी। मुख्यमंत्री बनने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब में अपने हिसाब से काम किया। संगठन में रहे तो हाईकमान के आदेश नहीं सुने। कैप्टन अक्सर बॉर्डर स्टेट की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा लेकर दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से मिलते रहे। कांग्रेस हाईकमान ने इसे फ्रेंडशिप माना। हाल ही में अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग के नवीनीकरण का राहुल गांधी ने कड़ा विरोध किया। इसके उलट कैप्टन अमरिंदर ने कहा कि सब कुछ ठीक बना है। ऐसा पहली बार नहीं है, राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भी कैप्टन हमेशा केंद्र के साथ रहे। 2017 के विधानसभा चुनाव में कैप्टन के नेतृत्व में कांग्रेस को 70 से ज्यादा सीटों पर जीत मिली। लिहाजा पार्टी सत्ता में आई। 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कैप्टन की सिद्धू से अनबन हो गई और उसके बाद धीरे-धीरे सिद्धू ने कैप्टन से नाराज धड़े के साथ मिलकर अंततः उनका इस्तीफा करवा ही दिया। विधानसभा चुनाव से 6 महीने पहले कैप्टन का सीएम पद से इस्तीफा देने से किसे कितना फायदा या नुकसान होगा, यह 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# यहां बनती हैं बनारसी साडियां

**मुकेश तिवारी**

बनारसी साडियां हिन्दुस्तान में ही नहीं विश्व में ख्याति अर्जित कर चुकी हैं बनारसी साडियों के निर्यात से हमारा मुल्क करोडों की विदेशी मुद्रा कमाता है,बनारसी साडी का जिक्र आते ही वाराणसी की वह प्राचीन धार्मिक छवि आंखों के सामने आ जाती है जिसके लिए पवित्र नगरी काशी प्रसिद्ध है,बनारस की भूल भूलैयावाली गलियों में न जाने कब एक अद्धितीय हस्तकला का जन्म हुआ और उसका विस्तार आसपास के गांवों कस्बों से होता हुआ दूर दूर तक साडी के ताने -बाने की तरह फैलता गया इसी के साथ जन्म होता है एक गुमनाम बस्ती का-मुबारकपुर कौन जानता था कि बनारसी साडी के 70 प्रतिशत के योगदान की जिम्मेदार होगी वह गुमनाम बस्ती, जिसका अपना कोई वजूद नहीं,,जिसकी अपनी कोई पहचान नही जिसे हिन्दुस्तान में तो क्या उ प्र में भी कम ही लोग जानते होगे बनारस से तकरीबन 125 कि मी दूर आजमगढ उ प्र का बहुचर्चित जिला है इसी जिले में 17कि मी उतर प्रदेश की ओर है यह गुमनाम बस्ती ,जो शटल की आवाजों के बीच गांव की अपनी पुरानी शक्ल छोड कर अब कस्बे से म्युनिसिपैलिट में बदल गयी है,लेकिन अब भी अपनी असलियत से दूर नहीं कुछ सडकें तो अभी भी कच्ची है, परंतु मुबारकपुर के बाजार का क्षेत्र पक्की सडकों के जाल से घिर चुका है, बसों ,टैक्सियों व मोटर गाडियों के शोर ,खपरैल घरों सें लेकर कुछ अधपके-पक्के मकान व आधुनिक इमारतों के बीच हरी भरी खेती व जगह-जगह पर मस्जिदें कुछ अत्यंत पुराने मंदिर कहीं कुछ हवेलियां जो अब शनै-शनै धराशायी होती जा रही है -ये सब इस बस्ती की पुरानी यादें ताजा करती है, विनोद मिश्रा के अनुसार मुबारकपुर 18 अप्रेल 1931 को टाउन एरिया बना और 15अगस्त 1974 से चतुर्थ श्रेणी नगरपालिका का रूप धारण कर अब व्यस्त व्यापारिक केंद्र है,यहां 85 प्रतिशत जुलाहे अंसारी मुस्लिम है,

बनारसी हस्तकला का इतना बडा व महत्वपूर्ण केंद्र इतने कोने में कयों? आखिर इसकी शुरूआत कहां कैसे हुई ? इस हुनर को बनारस से मुबारकपुर तक पहुंचानेवाले रफीउद्धीन के पुत्र कारीगर मुहम्मद सईद अब भी मौजूद है मुबारकपुर में परंतु वृद्धावस्था ें कारण अग सिर्फ तानेबाने का ही काम करते है,अपने बचपन में 1924 से अपने पिता के पास बनारस रह कर बरकतुल्लाह के कारखाने में बनारसी साडी बनाने का काम सीखते रहे साथ ही मुबारकपुर के कुछ और बच्चों को भी उन्होनें अपना हुनर दिखाया ,1932 में मुबारकपुर में इसकी शुरूआत हुई शुरू में तो सारा काम हाथ से ही होता था, लेकिन अब बिजली से चलने वाली आधुनिक मशीनो का उपयोग होने लगा है,बुनाई अभी भी कुछेक बुनकर हाथ से ही हैडलूम पर शटल के जरिये करते है, पावरलूम पर भी लोगों ने बनारसी साडी बनाने की कोशिश की पर व्यर्थ रही ,इसीलिए तो एक औसत साडी में बुनकर को कम से कम 3 से 4 दिन लगाने पडते हैं, यदि वह डोरिया के साथ काम करे, डोरिया एक छोटे बच्चे को कहते है, जो कारीगर के करघे पर बैठता है और बॉर्डर बुनने में कारीगर की मदद करता है ,इस प्रकार बचपन से ह ीवह इस हुनर को सीखता है, जो बाद में उसकी रोजी रोटी का जरिया बनता है, यही वजह है कि मुबारक पुर में बच्चों की पढाई पर खास ध्यान नहीं दिया जाता डोरिया ही कारीगर का दाहिना हाथ होता है, इस प्रकार डोरिया व कारीगर के मध्य पिता पुत्र जैसा स्नेह पैदा हो जाता है,कारखानों में यदि कारीगर के साथ डोरिया न हो तो इनका चलना बडा मुश्किल होता है,

### कच्चा माल बढिया होना जरूरी

बनारसी साडी की खूबसूरती में डिजाइन तो अहम रोल अदा करता ही है ,कच्चे माल की क्वालिटी का उम्दा होना भी लाजमी है कच्चे माल में रेशम व जरी या तार की आवश्यकता पडती है यह कच्चा माल वैसे मुबारकपुर में भी मिलता है, लेकिन इसकी कीमत में काफी फर्क होता है, इसलिए ज्यादातर कारखाना चलाने वाले संपन्न कारीगर कच्चा माल बाहर से मंगवाते है ,तांवे का तार या जरी जिस पर सोने का पानी चढा होता है, जो अमूमन सूरत से आता है, एक बंडल में



300 ग्राम जरी होती है रेशम बेगलूर से मंगाया जाता है, 20 करघो के स्वामी फरूक ने बताया कि साडी बनाने में जो रेशम उपयोग में लाया जाता है ,वह दो प्रकार का होता है एक तो पाटबाना जिसमें अमूमन सफेद या पीले रंग का एक तागा होता है इसे बाना अर्थात साडी के चैडे रूख में इस्तेमाल किया जाता है,इसे 700से 1000 रूपये प्रति किलो भाव पर मालदा या बेगलूर से मंगाया जाता है,दूसरी तरह के रेशम को कतान कहते है,यह बेंगलूर से लाया जाता है और साडी में लंबा रूख यानी ताना बनाने के काम आता है यदि साडी मध्यम स्तर या बहुत उंचे स्तर की बनानी हो तो ताना व बाना दोनों में कतान रेशम का ही इस्तेमाल होता है ,उच्च कोटि की साडियों में डिजाइने ज्यादा होती है,डिजाइन ज्यादा होने से उसमें कच्चे माल की खपत ज्यादा होती है, आमतौर पर एक सामान्य साडी की कीमत 1000 से 1500 रूप्ये है जबकि माध्यम स्तर की साडी 2500से 3500 तक पहुंच जाती है वैसे तो बनारसी साडियों की कीमत 20000से लाखों तक की भी आती है बनारसी साडी की कीमत उसमें लगे कच्चे माल की कव्लिटी पर निभैर करती है, साडी की कीमत उसकी डिजाईन के मुताबिक बढती घटती रहती है ,तमाम कच्चे माल को तैयार कर उसे ताने बाने का रूप दे कर सुबह से शाम तक कई दिनों की मेहनत के बाद बनारसी साडी शक्ल लेती है,इस प्रक्रिया में डिजाइनर की भूमिका ,डोरियों की भूमिका व कारीगर की मुश्किल व कडी मेहनत अहम है, बाजार से कच्चा माल खरीदने के बाद सर्वप्रथम कतान की लच्छी को खोलकर छोटी लच्छी बनाते है फिर उसे रील पर भरते है रील पर चढे इस कतान से ताना बनाया जाता है ,ताना अमूमन सफेंद होता है ,जरूरत होने पर इसकी रंगाई भी कराई जाती है,

ताना यानि लंबे रूख के धागे जब करघे पर चढ जाते है तो फिर चौडे रूख में इस्तेमाल आने वाले रेशम जिसे पाट बाना कहते है की तैयारी होती है बाने की भी खराई अर्थात लडी बनाना व रंगाई होती है फिर लडी को पंतग उडानेवाले बडे -बडे परेते पर लपेटा जाता है छोटी सीप के आकार की या छोटी नाव के आकार के शीशम की लकडी की छुच्छी या नरी पर बाने को लपेटा जाता हैजिसे शटल के बीच डालकर बुनाई शुरू की जाती है,

डिजाईन के अनुसार साडी में जरी का उपयोग किया जाता है डिजाइन बनाने वाले को ग्राफ मास्टर कहते है जो रोज नयी डिजाइने बनाता है उसे डिजाईन के अनुसार मजदूरी मिलती है डिजाइन को करधे में चढाने के लिए विशेष प्रकार के मोटे कागज का इस्तेमाल किया जाता है इसे पता कहते है इस पत्ते में डिजाइन के मुताबिक जगह-जगह छेद कर दिए जाते है इसे पत्ता काटना कहा जाता है यह काम प्रायः औरते व लडकियां करती है पत्ता कटाई के बाद इसकी सिलाई की जाती है

इतनी कडी मेहनत पर मजदूरी की दर देखी जाये तो बिल्कुल नही के बराबर है हल्की बनारसी साडी पर 300 रूपये मजदूरी मिलती है वही भारी साडी पर कारीगर को 1200से 1500 रूप्ये मिलते है हल्की साडी कारीगर 3-4 दिन में बुन लेता है जबकि भारी साडी में लगभग 10 से 12 दिन लगते हैलेकिन साडी कैसी भी हो डोरिया जो कारीगर का सहयोगी है वह प्रत्येक साडी पर 200 रूप्ये का भागीदार होता है मुबारकपुर में 60 प्रतिशत लोग ऐसे है जिनका स्वयं का करघा है 40 प्रतिशत मजदूरी पर काम करते है साडी तैयार होने पर बिचैलियों का धंधा शुरू होता है कुछ तो आढतिया है जो माल इकटा खरीद कर रख लेते है और दस प्रतिशत कमीशन पर बेचते है कुछ एजेट बनारस से बाहर के व्यापारियों को ले कर आते है औरः5प्रतिशत का मुनाफा कमाते है।

## पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अतऱ अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस दुर्व्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अतऱ मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो।

# क्या किसान आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'वोट की चोट' कर पायेंगे ?

**आजाद सिंह डबास**

एक किसान परिवार से संबंध होने के नाते मैंने 70 के दशक से उत्तर भारत के किसान आन्दोलनों और किसान राजनीति को बहुत करीब से देखने और समझने की कोशिश की है। इस दौरान चौधरी चरण सिंह और चौधरी देवीलाल जैसे बड़े नेता होते थे जो किसान राजनीति करते थे। 80 के दशक में चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत बड़े किसान नेता थे। उनके नेतृत्व में वर्ष 1987 में दिल्ली के वोट क्लब पर किसानों व्दारा दिया गया धरना आज तक चर्चा में रहता है। तत्समयचौधरी चरण सिंह और चौधरी देवीलाल जैसे बड़े राजनेताओं के कारण संसद के अंदर और चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत जैसे किसान नेताओं के कारण संसद के बाहर किसान और किसानी हमेशा बड़ा मुद्दा होता था। उन दिनों खेती से जुड़ी जो भी किसान जातियां थी, उन जातियों के किसान अपनी जाति के रूप में नहीं अपितु किसान के नाम से अपनी पहचान बनाते थे।

90 के दशक से किसान राजनीति के हालात बदल गये। इस दौरान जैसे ही मण्डल और मंदिर की राजनीति परवान चढ़ी, त्यों ही किसान जाति और धर्म में बटकर किसान के रूप में अपनी सशक्त पहचान को खोते चले गये। भाजपा जैसी साम्प्रदायिक पार्टी ने जहां मंदिर के नाम पर धर्म का कार्ड खुलकर खेला वहीं दूसरी ओर सामाजिक न्याय के नाम से बनी सपा, राजद, जदयू, बसपा जैसी पाटियों ने जातियों के नाम से राजनीति करने में कोई कोताही नही बरती। कुछ समय बाद भाजपा ने धर्म के साथ-साथ जातियों की भी महीन राजनीति प्रारम्भ कर दी। ऐसा होने से किसानों ने किसान के रूप में अपनी पहचान खो दी और धर्म और जाति के आधार पर बटते चले गये। पिछले एक दशक से भाजपा ने जातियों को लेकर बहुत महीन राजनीति की है। ऐसा होने से गैर यादव ज्यादातर किसान जातियां भाजपा के साथ हो हो गई जिससे सामाजिक न्याय के नाम से राजनीति करने वाली तमाम पार्टियां आज हाशिए पर आ गई हैं।



जैसा कि सर्वविदित है कि दिल्ली के 3 बॉर्डरों पर किसान विगत 9 माह से धरने पर बैठे हैं। किसानों की मांग है कि केन्द्र सरकार किसानों के हित के विरुद्ध लाये गये 3 कानूनों को रद्द करे जिन्हें किसान काले कानून कहते हैं। इसके साथ ही किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनन गारन्टी भी चाहते हैं। इन मांगों को लेकर लगभग 40 किसान संगठन विगत 9 माह से आन्दोंलनरत हैं। विगत कई माहों से वे जगह-जगह किसान महापंचायतें भी कर रहे हैं। अभी तक ज्यादातर किसान महापंचायत पंजाब, हरियाणा ओर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक ही सीमित रही हैं। ऐसा नहीं है कि इन प्रदेशों के बाहर किसान महापंचायत नहीं हो रही हैं लेकिन वो इतनी प्रभावशाली नहीं रही जितनी इन 3 प्रदेशों में रही हैं। ये सभी पंचायते संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में हुई हैं।इसी 5 सितम्बर को उत्तर प्रदेश के मुजफरनगर में एक बहुत बड़ी किसान महापंचायत हुई जिसमें किसान नेताओं के व्दारा 5-10 लाख किसानों के शामिल होने का दावा किया गया है। हालांकि मीडिया में किसानों की संख्या पर मतभेद है लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह अभी तक की सबसे बड़ी किसान रैली हो सकती है। रैली में किसान नेताओं के व्दारा अपनी मांगों को मनवाने के लिए पुरजोर आवाज उठाने के साथ-साथ भाजपा पर ÷वोट की चोट÷ देने का भी आव्हान किया गया है। किसानों व्दारा ऐसी ही महापंचायतें उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी करने की बात कही गई है। आगामी कुछ माह में प्रदेश के हर हिस्से में ऐसी अनेक महापंचायतें होने जा रही हैं। इन पंचायतों में भी ठीक-ठाक संख्या में किसानों के भाग लेने की उम्मीद है। यहां एक बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि क्या इन महापंचायतों में आने वाली भीड़ आगामी उत्तर प्रदेश विधान सभा के चुनाव में भाजपा के वोट पर भी प्रभावी चोट कर सकेगी? आज की तारीख में कहना मुश्किल है। भाजपा जिस तरह से जाति की महीन राजनीति करती है उससे तो यही लगता है कि जब विधान सभा चुनाव होंगे तो भाजपा अपने उम्मीदवारों की जातियों की गोटी इस तरह से फेंटेगी कि किसान एकता कायम नहीं रह सकेगी और किसान अपनी-अपनी जातियों में बटकर अपने जाति उम्मीदवारों को वोट डालेंगे।

# तो इन्हें है अफ़ग़ानी महिलाओं के हितों की चिंता ?

### सूडोकु नवताल- 5839

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5838 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

**निर्मल रानी**

अफ़ग़ानिस्तान पर तालिबानी नियंत्रण के बाद भारत सहित दुनिया के कई देशों यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भी इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि तालिबानों के शासन काल में शरिया क़ानून की आड़ में महिलाओं के अधिकारों का ज़बरदस्त हनन हो सकता है। हालांकि ताज़ा ख़बरों के अनुसार तालिबान ने महिलाओं के लिये अलग स्कूल कॉलेज में पढ़ाई करने की बात की है। परन्तु हमारे देश में अफ़ग़ानिस्तान की हालत पर ख़ासकर वहां महिलाओं की संभावित दयनीय स्थिति पर कुछ ज़्यादा ही शोर शराबा किया जा रहा है। बेशक हमारे देश में महिलाओं को लगभग हर क्षेत्र अपनी प्रतिभा निखारने की पूरी आज़ादी है। वैसे भी स्वतंत्र भारत में इंदिरा गाँधी जैसी विश्व की महान नेता ने लगभग 14 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित कर यह साबित कर दिखाया कि भारतवर्ष पुरुषों व महिलाओं के मध्य भेदभाव यहां तक कि राजनैतिक वर्चस्व को लेकर भी लिंग भेद नहीं रखता। कुछ ऐसा ही उदाहरण पिछले दिनों बंगाल चुनाव परिणामों ने ममता बनर्जी को भारी जीत दिलाकर भी पेश किया। सवाल यह है कि क्या यह उदाहरण यह साबित करते हैं कि भारत में महिलाओं की स्थिति,उनका मान सम्मान उनकी सुरक्षा आदि सब कुछ वैसा ही है जैसा कि इन चंद उदाहरणों में देखने को मिलता है ? तालिबानी मानसिकता को हम महिला विरोधी मानसिकता रखने वाला रूढ़ीवादी संगठन कहते हैं और अफ़ग़ानी महिलाओं के प्रति अपनी चिंताओं का इज़हार करते नहीं थकते। शायद उसी तरह



जैसे कि मुसलमानों के अतिसूक्ष्म वर्ग में प्रचलित तिहरे तलाक़ को लेकर हम बहुत चिंतित थे ?

परन्तु हमारे दोहरे चरित्र वाले समाज की हक़ीक़त तो कुछ और ही है। धर्म और राजनीति में अहम पदों व गद्दियों पर बैठे लोग आज महिलाओं के सम्मान व स्वतंत्र अधिकारों वाले देश भारत में महिलाओं को किस नज़र से देखते हैं इसके सैकड़ों उदाहरण देखे सुने जा सकते हैं। अफ़ग़ानिस्तान में पुरुषवादी वर्चस्व को यदि तालिबानी शरिया के नाम पर क़ायम रखना चाहते हैं तो हमारे देश में भी अनेक लोग अपने दुर्भावना पूर्ण वक्तव्यों से अपने मस्तिष्क में घुसे तालिबानों से भी ख़तरनाक विचारों को उजागर करते रहते हैं। इन दिनों ग़ाज़ियाबाद का एक पुजारी उस समय से काफ़ी चर्चा में जबसे उसके मंदिर के बाहर लगे प्याऊ पर एक छोटे लड़के की कुछ लोगों द्वारा सिर्फ़ इसलिये पिटाई की गयी थी क्योंकि वह हिन्दू नहीं था और मंदिर के प्याऊ में पानी पी रहा था। यह पुजारी महोदय उस समय प्यासे लड़के के पक्ष में नहीं बल्कि प्यासे की पिटाई करने वाले हट्टे कट्टे युवकों के पक्ष में खड़े थे। इसी घटना से इनकी मानसिकता तथा इनकी कथित %हिन्दूवादिता % का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। आज इसी घटना ने इनको प्रसिद्धि क्या दिला दी कि इन्होंने जब जो चाहे,जहाँ चाहे बोलना शुरू कर दिया। गत दिनों उनका एक वीडीओ वायरल हुआ जिसमें वे कहते सुने गये कि- %बी जे पी में जितनी भी महिलायें दिखाई दे रही हैं वो एक नेता के पास गई और दूसरे के पास नहीं तो उनका काम नहीं होता। तीसरे से काम है तो तीसरे के पास जाना है। अब ये हैं ईमानदार और चरित्रवान लोग। ये है राजनीति। जितनी महिलायें राजनीति करती घूमती हैं। पूरा मज़ा आ रहा है।

धर्मगुरु के इस बयान के बाद वही महिलायें इनपर आग बबूला हो गयीं जो प्याऊ काण्ड में केवल हिन्दू होने के नाते इनके साथ खड़ी थीं। परन्तु चूंकि इस बार उसने भजपाई महिलाओं की स्मिता पर हमला किया इसलिये इसके इस आपत्तिजनक बयान का पुरज़ोर विरोध हुआ। महिलाओं को नीचे दिखाने व उन्हें अपमानित करने वाले इस तरह के तमाम बयान धर्मगुरुओं द्वारा दिए भी जाते हैं और अनेक धर्मगुरु महिलाओं के शारीरिक शोषण में शामिल भी पाए जाते हैं। इससे इनके अनुयाईयों पर महिलाओं को लेकर आख़िर क्या छवि बनती होगी? इनके अनुयायी और ऐसे गुरुओं के अंधभक्त महिलाओं को सम्मान व अस्मिता विहीन दैहिक शोषण की वस्तु अर्थात भोग्या मात्र नहीं तो और क्या समझेंगे?

## क्या हम गा-था 'में जीते हैं या' हैं 'में' जीना चाहिए !

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

हम अधिकांश समय भूतकाल में बिताते हैं या भविष्यकाल में .इनसे हमें कुछ नहीं मिलता मात्र हम राग द्वेष में या कषायों के भावों में अपनी आत्मा को दूषित करते रहते हैं .लाठी पीटने से कुछ नहीं होता मात्र लाठी ही टूटती हैं . हम वर्तमान में देखते हैं कि राजनीति में विशेषकर सत्तारूढ़ पार्टी भूतकाल की बात बहुत करती हैं .कांग्रेस पार्टी ने विगत सत्तर वर्षों में कुछ नहीं किया और हम भविष्य में ये करेंगे .वर्तमान में देश की हालत बहुत ही दयनीय हैं .विकास होना चाहिए पर किस आधार पर .मात्र धन संचय कर के माध्यम से करना जिससे मध्यम और गरीब वर्ग सबसे अधिक पीड़ित और प्रभावित हैं हम आजकल भविष्यकाल में यानी गा गा रहे हैं हम ऐसा करेंगे ,ये करने की योजना हैं ,हम देश बेचेंगे . प्रधान नौकर जी आप वर्तमान में जिए जो सबके लिए हितकारी होगा .कारण देश आज बहुत अधिक दिक्क्तों से जूझ रहा हैं ,जो आपको नहीं दिखता कारण आप गा -था में जी रहे हैं ,इस महगाई का गुनहगार पुरानी पार्टी थी ,उदाहरण पेट्रोल डीज़ल के दाम ,आटा गेहूं चावल दाल तेल शक्कर आदि का क्या भाव हैं .?बेरोजगारी सिर्फ विद्यायकों और सांसदों से नहीं जाती ,जनता कितनी परेशां हैं ,युवा वर्ग शिक्षित वर्ग निराशायुक्त हैं ,व्यापारी रोजगार होते हुए बेरोजगार हो रहे हैं . चोरी ,साइबर अपराध ,,बलात्कार ,की दर बहुत बढ़ गई हैं .इसके लिए वर्तमान जिम्मेदार हैं कारण आपको कोई फर्क नहीं पड़ता .आज तो भविष्य के लिए यशोगान में लगे हैं और आपका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाय .वह भी अगले क्षण भूतकाल में हो जाता हैं .इस समय मानव जीवन का जीवन बहुमूल्य नहीं रहा .सरकार के लिए आकंड़ा और जिसका जाता हैं उसकी शून्यता अंक से नहीं भर सकते .आप हमेशा था में जीते हैं या भविष्य क लोलीपोप खिलाते हैं .वर्तमान में जिओ और जीने दो .आपका भूतकाल भी स्वर्णिम नहीं था और भविष्य के बारे में कोई नहीं जानता .

### वर्तमान से भविष्य बनेगा

भूतकाल का प्रतिफल वर्तमान होगा

सबके पीछे कर्मों कि रिकॉर्डिंग चल रही हैं ,

उससे कोई नहीं बच सकता हैं ,

वर्तमान अगले क्षण भूत हो जाता हैं

भूत तो लगेगा आज नहीं तो कल

उसके बाहुपाश से कोई नहीं बचता .

इसलिए गा -था छोड़कर हैं में आओ .

# थायराइड को कंट्रोल करने के लिए खाएं ये फल, हमेशा रहेंगे हेल्दी



खराब लाइफस्टाइल, बेवक्त खानापीना और नियमित रूप से एक्सरसाइज नहीं करना सेहत के लिए नुकसानदायक होता है. इन सभी चीजों का असर मेटाबॉलिज्म पड़ता है. थायराइड एक ऐसी बीमारी है. थायराइड बटरफ्लाई की तरह दिखने वाला ग्लैंड है जो हमारे गले की नीचे होते हैं. ये शरीर के कई हिस्सों को कंट्रोल करने में मदद करता है. इस ग्लैंड में किसी तरह की परेशानी से थकान, बाल टूटना, कोल्ड, वजन बढ़ना और अन्य लक्षण नजर आने लगते हैं. थायरइड दो तरह का होते हैं. हाइपोथायरायडिज्म और हाइपरथायराइडिज्म. दोनों स्थितियां अलग- अलग बीमारी के कारण होती हैं जो थायराइड ग्लैंड को प्रभावित करने का काम करती हैं. डाइट थायराइड के लक्षणों को मैनेंज करने में मदद करता है. एक पौष्टिक और संतुलित आहार के साथ दवाएं लेने से इसके लक्षणों को कम किया जा सकता है. इसमें आयोडिन, कैल्शियम और विटामिन डी वाली चीजों के सेवन से इसके लक्षणों को कम किया जा सकता है. हम आपको ऐसे 4 फरूट्स के बारे में बता रहे हैं जिसका सेवन कर थायराइड के लक्षण को कम कर सकते हैं.

### सेब

सेब सबसे हेल्दी फूड होता है और दुनिया भर में पसंद किया जाने वाला फल है. रोजाना एक सेब खाना से वजन को कंट्रोल किया जा सकता है. ब्लड शुगर को मेंटेन करने में मदद करता है और थायराइड ग्लैंड को मैनेज करने में मदद करता है. अध्ययनों से पता चलता है कि सेब आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है. इसके अलावा कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में मदद करता है. ये मोटापा, डायबिटीज, और हृदय रोग के खतरे को कम करता है.

### बैरिज

बैरिज यानी जामुन में एंटी ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है जो थायराइड के लिए फायदेमंद होता है. जामुन में विटामिन और मिनरल्स की भरपूर मात्रा होत है जो फ्री रेडिकल्स को दूर करने में मदद करता है. थायराइड में डायबिटीज और वजन बढ़ना आमबात है. स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और रास्पबेरी को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं.

### संतरा

संतरा में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है जो फ्री रेडिकल्स को दूर रखने में मदद करता है. विटामिन सी इम्युनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है. इसके अलावा कोलेस्ट्रॉल के लेवल को नियंत्रित रखने में मदद करता है.

### अनानास

अनानास में विटामिन सी और मैंगनीज की भरपूर मात्रा होती है. ये दोनों पोषक तत्व शरीर को फ्री रेडिकल्स से सुरक्षित रखने में मदद करता है. इसमें विटामिन बी की भरपूर मात्रा होती है जो थकान को दूर करने में मदद करता है. अनानास कैंसर, ट्यूमर और कब्ज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद होता है।

## अक्षय कुमार जल्द शुरू करेंगे राम सेतु की शूटिंग



अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आएंगे। राम सेतु भी उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अक्षय अक्टूबर में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। उन्होंने मार्च में अयोध्या में इस फिल्म का मुहूर्त किया था। इसके बाद मुंबई में उन्हें फिल्म का लंबा शेड्यूल शूट करना था, लेकिन लॉकडाउन की वजह से शूट टाल दिया गया था। अब वह फिर शूटिंग के लिए तैयार हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, अक्षय अक्टूबर में राम सेतु की शूटिंग वापस शुरू करेंगे और इस साल दिसंबर तक फिल्म पूरी कर लेंगे। फिल्म के कुछ हिस्से की शूटिंग श्रीलंका में होनी थी, लेकिन निर्माताओं ने इसके बाद फिल्म की शूटिंग केरल में करने का फैसला किया और अब राज्य में कोरोना के मामले बढ़ने के चलते फिल्म के निर्माताओं ने इसके काफी हिस्से को गुजरात में शूट करने का फैसला किया है। अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बन रही फिल्म रामसेतु में अक्षय भारतीय संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ी कहानी को पर्दे पर लाने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय पुरातत्त्वविद् का किरदार निभाएंगे। फिल्म में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कहानी दिखाई जाएगी। इसमें अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिज और नुसरत भरूचा नजर आएंगी। नुसरत इसमें उनकी पत्नी की भूमिका में होंगी और जैकलीन, अक्षय की टीम मेंबर होंगी, जो मिशन राम सेतु में अक्षय की मदद करती हैं। अक्षय ने पिछले साल दिवाली पर राम सेतु का ऐलान किया था। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर किया था। इसके साथ अक्षय ने लिखा था, इस दीपावली, भारत राष्ट्र के आदर्श और महानायक भगवान श्री राम की पुण्य स्मृतियों को युगों-युगों तक भारत की चेतना में सुरक्षित रखने के लिए एक ऐसा सेतु बनाया, जो आने वाले पीढ़ियों को राम से जोड़ कर रखे।

# शादी के 2 महीने बाद हनीमून मनाने मालदीव पहुंचीं 'धरा भाभी' शाइनी दोशी



'पांड्या स्टोर' में धरा भाभी का रोल प्ले करने वालीं ऐक्ट्रेस शाइनी दोशी ने इस साल जुलाई में बॉयफ्रेंड लवेश खैरजानी से शादी रचाई थी। कोरोना महामारी के कारण वह हनीमून पर नहीं जा पाए थे। लेकिन अब फाइनली यह कपल हनीमून पर है। शाइनी दोशी और लवेश मालदीव में हनीमून मनाने गए हैं। शाइनी ने मालदीव से अपनी और पति लवेश की रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में शाइनी दोशी और लवेश बीच पर डांस करते नजर आ रहे हैं। शाइनी दोशी ने बिकिनी में भी जमकर पोज दिए हैं। शाइनी अपने इस हनीमून को लेकर काफी ऐक्साइटेड हैं। उन्होंने बताया कि वो 6 दिन के लिए मालदीव में हैं। शाइनी दोशी ने कहा, 'मुझे इन 6 दिनों के लिए अडवांस में शूटिंग खत्म करनी पड़ी ताकि हम हनीमून पर जा सकें। लवेश और मुझे साथ में ट्रैवल करने का बहुत शौक है। इससे पहले भी हम दोनों कई देशों में साथ-साथ घूम चुके हैं। जब हमने हनीमून के बारे में आपस में बात की थी तो हमें बस इतना पता था कि जहां भी जाएंगे वहां पानी जरूर होना चाहिए। इसलिए मालदीव आ गए। यह हमारी बकेट लिस्ट में भी था।' शाइनी दोशी ऑनस्क्रीन ट्रडिशनल लुक और अवतार में नजर आती हैं, लेकिन ऑफस्क्रीन ऐक्ट्रेस को बिकिनी में देख लोग हैरान हैं। वहीं फैन्स अपनी फेवरिट 'धरा भाभी' के इस बिकिनी लुक की जमकर तारीफें कर रहे हैं। शाइनी दोशी ने लवेश के साथ 15 जुलाई को शादी के सात फेरे लिए थे।

# शाहरुख खान अभिनीत एटली की अगली फिल्म मनी हाइस्ट से है प्रेरित?



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान इस साल दक्षिण भारतीय फिल्मों के चर्चित निर्देशक एटली की अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें शाहरुख दमदार भूमिका में नजर आने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक रोचक जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो शाहरुख की यह फिल्म सुपरहिट वेब सीरीज मनी हाइस्ट से प्रेरित है। हाल में इस सीरीज का पांचवां सीजन रिलीज हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख अभिनीत एटली की फिल्म मनी हाइस्ट से प्रेरित है। एक सूत्र ने कहा, यह एक विशिष्ट एटली फिल्म होगी, जिसकी पटकथा में सभी तरह की व्यावसायिक ट्रैपिंग को शामिल किया गया है। वास्तव में फिल्म की कहानी में पर्याप्त ट्विस्ट और टर्न हैं, जिससे इसकी कहानी मनी हाइस्ट से प्रेरित लगती है। शाहरुख की इस फिल्म में नयनतारा, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा और सुनील ग्रोवर भी नजर आएंगे। सूत्र ने आगे बताया, फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर शाहरुख का नकारात्मक किरदार एक टीम को इकट्ठा करता है और सबसे बड़ी बैंक डकैती को अंजाम देता है। ऐसी डकैती कभी किसी ने नहीं सुनी होगी। बताया जा रहा है कि यही वह ट्रैक है, जो फिल्म की पृष्ठभूमि को तैयार करता है। इसी के परिणामस्वरूप शाहरुख के दो पात्रों के बीच आमना-सामना होता है। बता दें कि शाहरुख इस फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो विलेन के साथ शाहरुख का दूसरा कैरेक्टर फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएगा। सूत्र ने कहा, एटली की अगली फिल्म की पटकथा के और भी कई पहलू हैं। आज के समय में सबसे बड़ी रोमांचक फिल्म को देखने के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म की पटकथा को एटली ने खुद अपने लेखकों की टीम के साथ विकसित किया है।

## 'खो गए हम कहां' का शानदार टीजर रिलीज, अनन्या, सिद्धांत और गौरव की दोस्ती करेगी धमाल

फरहान अख्तर को फैंस ने हाल ही में 'तूफान' फिल्म में देखा गया था. इस फिल्म के लिए एक्टर की सराहना भी की गई थी. ऐसे में अब एक्टर ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है. हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए फरहान ने 'खो गए हम कहां' की घोषणा फैंस के सामने आधिकारिक रूप से कर दी है. आपको बता दें कि खो गए हम कहां में लीड में सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव दिखाई देंगे. ये तीनों स्टार्स पहली बार किसी फिल्म में एक साथ काम करते दिखाई देंगे. ऐसे में फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर अभी से उत्साह बढ़ गया है. आपको बता दें कि फरहान, जोया अख्तर और रीमा कागती मिलकर इस खास फिल्म का निर्माण करेंगे. जबकि फिल्म अर्जुन वरेन सिंह के निर्देशन में बनने वाली है. आपको बता दें कि 'खो गए हम कहां' मुंबई शहर में तीन दोस्तों की की कहानी है. हाल ही में फिल्म का पहला पोस्टर साझा करते हुए, फरहान ने ट्विटर पर लिखा कि अपने दोस्तों को ढूंढो और आपको फॉलोअर्स की जरूरत नहीं होगी प्त खो गए हम कहां. इस पोस्टर में सिद्धांत, अनन्या और आदर्श सोफे पर बैठे हुए एक सेल्फी क्लिक करते दिखाई दिए थे. आपको बता दें कि इस फिल्म से पहले ही अनन्या और सिद्धांत साथ में एक दूसरी फिल्म में काम कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण भी हैं. आपको बता दें कि दोस्ती से भी हुई 'खो गए हम कहां' 2023 में रिलीज होगी. आज फिल्म का टीजर फैंस के सामने पेश किया गया है जिसमें तीनों दोस्त साथ में मस्ती करते दिख रहे हैं. तीनों ही स्टार्स अलग अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं. इसके साथ ही इसके बैकग्राउंड में बार बार देखो फिल्म का गाना खो गए हम कहां बज रहा है. फिल्म की खास झलक देखकर फैंस काफी उत्साहित हैं. फैंस अभी से फिल्म को देखने को बेकरार हो गए हैं।

# सारा अली खान ने बिकिनी में शेयर की खूबसूरत फोटोज, सोशल मीडिया पर वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान आजकल दोस्तों संग मालदीव में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। सोशल मीडिया पर फैन्स को यहां के अपडेट्स दे रही हैं। फ्लोरल बिकिनी से लेकर नियॉन कलर बिकिनी पहन फोटोज पोस्ट कर रही हैं। फैन्स भी इनकी अदाओं को काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने मालदीव के खूबसूरत मौसम के बीच अपनी फोटो शेयर की है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी सारा की डे-टाइम को एन्जॉय करते कमाल की तस्वीरें साझा की है। फोटोज में आप देख सकते हैं कि सारा अली खान ने नियॉन कलर की ब्रा पहनी है। वहीं, कलरफुल प्रिंटेड सारॉन्ग कैरी किया है। हाथ में नियॉन चेन पहनी है। कैमरे में एक्ट्रेस पोज देती नजर आ रही हैं। बिना मेकअप के सारा अली खान बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। बता दें कि कुछ समय पहले सारा अली खान लद्दाख गई थीं। कहा जा रहा था कि सारा यहां एक म्यूजिक वीडियो के लिए गई हैं। इनके साथ राधिका मदान और जयलीन रॉयल भी नजर आई थीं। सारा अली खान, राधिका और जयलीन की कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। यहां से उन्होंने अपने ट्रिप से गजब की तस्वीरें साझा की थी। कहना गलत नहीं होगा कि सारा काम से मिले ब्रेक के बाद खुद को काफी समय दे रही हैं। वह अपने इस मी-टाइम का बखूबी इस्तेमाल कर रही हैं।

# मजबूत हड्डियों से लेकर स्वस्थ हृदय तक, ब्रोकली के फायदे



हमें हमेशा ही हरी सब्जियां खाने की सलाह दी जाती रही है, क्योंकि ये हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होती हैं. हरी सब्जियों में पालक, केल और ब्रोकली आदि शामिल हैं. सब्जियां न केवल आयरन बल्कि कई अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भी भरपूर होती हैं. इन्ही में से एक ब्रोकली है जो बहुत लोकप्रिय सब्जी नहीं है. ये देखने में काफी हद तक गोभी जैसी लगती है. इसका सेवन अधिकतर सलाद या सूप के रूप में किया जाता है. ये स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी है. इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, जिंक, सेलेनियम, विटामिन-ए और सी जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-कैंसर और एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे गुण भी होते हैं. ये कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं. आइए जानें ब्रोकली के स्वास्थ्य लाभ.

### रोकली के स्वास्थ्य लाभ

हड्डी के लिए लाभदायक-ब्रोकोली में कई पोषक तत्व होते हैं जो हड्डियों को मजबूत रखने में मदद करते हैं. ये हड्डियों से संबंधित बीमारियों को भी दूर करने में मदद करते हैं. ये विटामिन के और कैल्शियम का समृद्ध स्रोत है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं. इसके अलावा, ब्रोकली में फास्फोरस और अन्य विटामिन भी होते हैं जो स्वस्थ हड्डियों के लिए आवश्यक होते हैं. एक अध्ययन अनुसार इसमें मौजूद सल्फोराफेन ऑस्टियोआर्थराइटिस को रोकने में मदद कर सकता है. त्वचा का स्वास्थ्य-इसमें कई ऐसे तत्व होते हैं जो त्वचा को यूवी किरणों से बचाने में मदद करते हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण भरपूर मात्रा में होते हैं. ये शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालने में मदद करते हैं. इससे मुंहासों और झुर्रियों की दिक्कत को कम करने में मदद मिलती है. ब्रोकली का सेवन करने से त्वचा में निखार भी आता है. ब्रोकली में मौजूद मैग्नीशियम, पोटैशियम, कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व बालों को मजबूती प्रदान करने में मदद करते हैं. ब्लड शुगर-इसमें मौजूद समृद्ध एंटीऑक्सीडेंट और डायट्री फायबर ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं. अध्ययन के अनुसार डायबिटीज वाले लोग ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए ब्रोकली का सेवन कर सकते है। हृदय के लिए फायदेमंद-कई अध्ययनों से ये निष्कर्ष निकला है कि ब्रोकली का हृदय स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. ब्रोकोली का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल और खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए जाना जाता है।

## सलमान-आयुष की 'अंतिम' में वरुण धवन का डांस लगाएगा तड़का



सुपरस्टार सलमान खान और आयुष शर्मा की फिल्म अंतिम एक लंबे वक्त से सुर्खियो में है. अंतिम फिल्म पर फैंस की निगाहें टिकी हुई हैं. फैंस पहली बार सलमान खान और आयुष शर्मा को एक साथ किसी फिल्म में देख पाएंगे. लेकिन अब फिल्म से रिलेटेड जो खबर सामने आई है जो फैंस को काफी खुशी देने वाली है. ये बात तो काफी वक्त पहले ही साफ हो गई थी कि इस फिल्म का हिस्सा वरुण धवन भी होने वाले हैं. जी हां वरुण धवन इस फिल्म में एक गाने में नजर आने वाले हैं जो कि भगवान श्री गणेश पर आधारित होगा. अब ये साफ हो गया है कि ये गाना कब फैंस के सामने रिलीज किया जाएगा. हाल ही में खबर सामने आई है कि वरुण धवन स्टारर ये फिल्म फैंस के सामने अब रिलीज होने को तैयार है. इस गाने को लेकर चर्चा है कि इसी सप्ताह फैंस के लिए लॉन्च किया जाएगा. कहा जा रहा है कि फिल्म इस हफ्ते के अंत तक खास अंदाज में पेश किया जाएगा. ऐसा काफी कम देखा जाता है कि वरुण धवन किसी फिल्म में अभी तक एक कैमियो रोल करते हुए नजर आए हों. अब इस फिल्म में वह अपने डांस से हर किसी को अपना दीवाना करने वाले हैं. गाना काफी भव्य रूप में शूट किया गया है. आपको बता दें कि फिल्म में आयुष एक गैंगस्टर बने हैं, जबकि सलमान खान फिल्म में पुलिसवाले के रोल में दिखाई देंगे. हाल ही में फिल्म पर सलमान खान कहा था कि मैं अंतिम का इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद है कि निश्चित रूप से यह फिल्म पसंद आएगी, पहले कभी नहीं देखे हुए एक युनिवर्स का निर्माण किया जा रहा है. इसके साथ ही बता दें कि इस फिल्म से सलमान खान और आयुष शर्मा का एक टीजर भी रिलीज हो चुका है। जिसमें वो भिड़ते हुए नजर आ रहे हैं. इतना ही नहीं सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस समय वो टाइगर 3, भाईजान और राजश्री प्रोडक्शन की एक फिल्म के लिए चर्चा में हैं. इसके अलावा एक्टर इन दिनों टाइगर 3 की शूटिंग में विदेश में व्यस्त हैं।

## वन-टू-वन

### गणपति बप्पा को लगाया छप्पन भोग जयकारों के संग गणपति प्रतिमा का विसर्जन



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली ।** खौड कस्बे के मेन बाजार स्थित सहित घर -घर गणपति महोत्सव की धूम दिन भर मची रही। वही गणपति महोत्सव पर भक्तों ने बप्पा को छप्पन भोग लगाकर महाआरती कर मंगल कामनाएं की। सोमवार को गाजे -बाजे व गणपति बप्पा मोरिया के जयकारो के संग गणपति प्रतिमा का तालाब में विसर्जन किया। इस दौरान राजुराम सुआरा, मदनलाल सुआरा, प्रकाश भाटी, विक्रम भाटी, ताराराम आदि मौजूद रहे।

### खौड मामाजी मंदिर प्रांगण में भामाशाह ने करवाया हॉल का निर्माण



**खौड मे पिता ने पुत्र की स्मृति में हॉल का करवाया निर्माण**

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली।** खौड पीपली नाड़ी स्थित मामा जी मंदिर प्रांगण में भामाशाह पकाराम सीरवी द्वारा उनके पुत्र नंदा राम की पुण्य स्मृति में चौतरफा खुला हॉल का का निर्माण करवाकर भेंट किया। ग्रामीणों ने नेक कार्य के लिए भामाशाह परिवार का आभार जताया। इस मौके पर सरपंच दुर्गा दाधीच, पूर्व सरपंच रुपेश दाधीच, भोपाजी चेनाराम देवासी, लालसिंह जयपाल, हमीरसिंह सिसोदिया, रामलाल जणवा, मेवाराम गुर्जर, भंवरसिंह सिसोदिया, पकराम सीरवी, नारायणसिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### रिद्धि सिद्धि विनायक गणपति विसर्जन से गूंजा संसारा देखो भाई भक्तों का चमत्कारा



**राकेश परिहार रिपोर्टर**

**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर ।** रिद्धि सिद्धि विनायक गणपति विसर्जन के दिन भक्तों में एक अलग ही अनोखा दृश्य देखने को मिल रहा है जिसमें भक्तजनों द्वारा गणपति विसर्जन को लेकर काफी कुछ उत्साह है दिख रहा है जैसे यह पता चलता है कि रिद्धि सिद्धि विनायक श्री गणपति महाराज जी की उपासना भक्तों द्वारा दिन रात की गई है जिसको लेकर भक्तों में खास उल्लास देखा जा रहा है और भक्त जनों द्वारा गणपति विसर्जन करते हुए अपने आप को रिद्धि सिद्धि विनायक श्री गणपति जी को अपना तन मन धन देकर रिद्धि सिद्धि विनायक जी की सेवा में अर्पण किया है जब रिद्धि सिद्धि विनायक श्री गणेश जी का विसर्जन हुआ तब भक्तजनों द्वारा कहा गया की गणपति बब्बा अगले बरस फिर से आना रिद्धि सिद्धि विनायक श्री गणेश जी चरण वंदना करके स्तुति करके आरती करके विसर्जन को भक्तजन ले गए जिसमें रिद्धि सिद्धि विनायक श्री गणेश उपासक कुछ भक्त उपस्थित रहे

**पुजारी श्री सत्येंद्र भारद्वाज**

**सेवक श्री शिवराज सिंह वर्मा**

### जयपाल धर्मेन्द्र दीपक मनोज एवं सभी भक्तजन रिद्धि सिद्धि विनायक गणेश विसर्जन में सम्मिलित रहे।



**भारतीय संस्कृति के हिंदू धर्म का प्रतिपक्ष आज से हुआ शुरू संकुआ धाम पहुंचकर पितरों को किया जल अर्पित**

**शिशिर दांतरे**

**पुष्पांजली टुडे**

दतिया । सेवड़ा भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी डॉक्टर दीपक भदोरिया जी के मार्गदर्शन में सेवड़ा सनकुआ धाम पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के द्वारा समस्त ब्राह्मण देवताओं का माल्यार्पण साल श्रीफल साल भेंट कर दक्षिणा देकर स्वागत सम्मान किया एवं फल वितरण किया जिसमें उपस्थित पंडित पदम नारायण दिबोलिए पंडित कमलेश दांतरे अमका शरण तिवारी कीचू पाठक रमेश तिवारी पूर्व नगर परिषद प्रतिनिधि धीरज महाते जन ओम प्रकाश दीक्षित टीडी लल्लन तिवारी कल्लू पुरोहित राम कुमार विश्वकर्मा साहू धीरज महाते हेमंत अग्रवाल संतोष श्रीवास्तव रामप्रकाश यादव होमगार्ड प्रभारी सोनू शर्मा म्मूलू अग्रवाल ऊमर काजी हरि सिंह कुशवाहा निर्वेद सविता विपिन बाथम कैलाश बाथम।

# तालाब की पार फुटने से जलमग्न हुई सैंकड़ों एकड़ जमीन की फसल

**निरिक्षण में पंहुचा प्रशासनिक अमला**

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** लांजी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाण्डाफरी में स्थित खाण्डाफरी तालाब कि पार 20 सितंबर को प्रात- काल में ही टूट गई जिसके चलते निचले स्तर पर जल भराव हो गया वंही मत्स्य पालको भारी नुकसान हुआ है। इस संबध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 एवं 20 सितंबर कि मध्यरात्रि में लांजी क्षेत्र में भारी वर्षा हुई थी, साथ ही विगत कुछ दिनो से लांजी में अत्यधिक वर्षा हो ही रही है, जिसके चलते खाण्डाफरी तालाब भी भर चुका था, 20 सितंबर को उक्त तालाब कि पार बीच से ही टूट गई जंहा से बहुतायत मात्रा मे पानी बहने कि संभावना व्यक्त कि गई है, तालाब कि पार टूटने से तालाब का पूरा पानी निचले खेतो मे पंहुच गया जंहा करीब 100 से अधिक एकड खेती है जो कि नुकसान हुआ है।

**100 एकड से अधिक खेत कि जमीन पर भरा पानी-:** खाण्डाफरी तालाब कि पार टूटने से तालाब के निचले स्तर पर स्थित खेतो ते पानी घुस गया स्वाभाविक सी बाते है सभी खेतो मे फसले लगी हुई एवं तालाब का अत्यधिक पानी खेतो मे जाने से खेत तालाब नुमा दिखाई देने लगे है जो कि फसलो के लिये नुकसान दायक है। किसानो से इस विषय पर चर्चा कि गई तो बताया कि खाण्डाफरी तालाब कि पार टूटने से लगभग 100 एकड से भी अधिक क्षेत्र मे लगी फसल खराब होने का अंदेशा है शासन प्रशासन को इसका मुआवजा देना होगा।

**एसडीएम परमार एवं एसडीओपी आर्मो ने किया स्थल निरीक्षण :** लांजी एसडीएम रवीन्द्र परमार एवं एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के द्वारा पुलिस बल के साथ तालाब



क्षतिग्रस्त स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमे आपने देखा कि तालाब कि पार टूटने से जो पानी बह रहा है वह खाण्डाफरी से थानेगांव, कालीमाटी नहर से निकासी हो जायेगा, इसके किसी घर मकान आदि क्षेत्र मे नुकसान नही है, जंहा जंहा फसले लगी थी तेज बहाव के चलते वंहा नुकसान होना संभावित है साथी तालाब मे मछलियॉ होना बताया गया तो निश्चित रूप से मछलियॉ बह गई होगी। तालाब कि पार टूटने को लेकर संबधित विभाग को भी निर्देशित कर दिया गया है। विभाग संपूर्ण जांच कर मरम्मत कार्य करेगा।

**लाखो रूपये कि मछली नष्ट-नंदकिशोर तरारी:** खाण्डाफरी तालाब में मत्स्य पालक समाज के द्वारा मछली पालन किया जाता है जो कि तालाब कि पार फूटने से बहुत मात्रा मे मछलियॉ बह गई इस संबध मे मत्स्य पालक नंदकिशोर तरारी ने बताया कि समिति के द्वारा इस तालाब मे मछली पालन किया जाता है, विगत 2 वर्षो से हमने इस तालाब मे मछली रखी हुई थी जो कि समय समय पर निकाली जाती थी 20 सितंबर को तालाब के पार टूटने से कई गुना मछलियॉ बह गई होगी, यदि नुकसान के रूप मे देखा जाये तो लाखो रूपये का नुकसान हमे हुआ है।

**पूर्व से दी गईथी सूचना - ग्रामीण, किसान:** खाण्डाफरी तालाब वर्तमान मे जंहा से फूटा है उस स्थान को लेकर सिंचाई विभाग को सूचित किया गया था कि तालाब कि देखरेखख् कर इसे दुरूस्त किया जाये लेकिन ना ही सिंचाई विभाग ने ध्यान दिया है और ना ही पंचायत के द्वारा यदि उक् तालाबा को पूर्व में ही दुरूस्त कर दिया जाता जब दरारे दिखना शुरू हो गई थी तो यह नौबत नही आती, लेकिन अब लगभग बडा नुकसान हो चुका है सिंचाई विभाग भ्या कोई भी तब तक मरम्मत नही कर सकता जब तक तालाब का पूरा पानी खाली नही हो जाता , इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि खाण्डाफरी ग्राम में कितने पानी का नुकसान होगा।

**भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया तालाब स्थल पर पंहुचकर किया निरीक्षण:** तालाब कि पार टूटने किसानो को एवं मत्स्य पालको को नुकसान हुआ है, इस बात कि सूचना भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया को हुई जो कि आलोक चौरसिया, अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तालाब क्षतिग्रस्त स्थल पर पंहुचकर जायजा लिया एवं देखा कि तालाब कि पार टूटने से निश्चित रूप से नुकसान हुआ है, लेकिन स्थल पर शासन प्रशासन या सिंचाई विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी मौजूद नही था, जो कि विभाग कि लापरवाही है, वंही आपने वरिष्ठ अधिकारियों को फोन पर उक्त घटना कि सूचना प्रदान कि है साथ ही तालाब की पार टूटने से खेतों मे जलभराव हुआ है एवं यंहा मछलियो का पालन होता था, जिसमे अधिकांश मछलियॉ बह गई है।

# गरीब असहाय व्यक्ति की मदत करना सबसे बड़ी समाजसेवा। भदौरिया

**संतोष सिंह भदौरिया**

**पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** नगर के मेहगांव रोड स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन प्रांगण में समाजसेवी स्वर्गी रामनारायण जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जैन मिलन गोरमी एबम स्वर्गीय रामनारायण जैन के परिवार द्वारा किया गया नेत्र परीक्षण शिविर में एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का परीक्षण किया गया एवं 2 दर्जन से अधिक मरीजों को चिन्हित कर उनका मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन रतन ज्योति चेर्टिबल ट्रस्ट ग्वालियर द्वारा किया जाएगा जिसमे आने जाने खाने तक कि व्यबस्था निशुल्क है। नेत्र शिविर के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा नेता डॉ भारत सिंह कुशवाहा एबम बिसेष अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक राजकुमार जैन मान सिंह यादव मौजूद थे।इस अबसर पर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी डॉ भारत सिंह भदौरिया ने कहा कि स्वर्गीय रामनारायण जी जैन की स्मृति में उनके परिवार दुआरा जो नेत्र शिविर का आयोजन हुआ है ये बड़ा ही परोपकारी कार्य है ऐसे आयोजन समाज मे होते रहने चाहिये। इस अबसर पर मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि पीड़ित सोसित



व्यक्ति की मदत करना सच्ची समाजसेवा है जैन मिलन इसमे हमेसा आगे रहता है।आज के नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र ज्योति हॉस्पिटल ग्वालियर की पूरी स्वास्थ्य टीम मौजूद थी । कार्यक्रम के आयोजक राजेश जैन राजकुमार जैन जयकुमार जैन में सभी डॉक्टर पत्रकार एबम जैन मिलन के सदस्यों का भी इस अबसर पर सहयोग के लिये सम्मान किया । कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रगट राजेश जैन बंटी ने किया।इस अबसर पर मुख्य रूप से राजकुमार जैन मान सिंह यादव अनिल जैन बल्लू पांडे कमलेश जैन अजीत जैन संजीव जैन राय सिंह भदौरिया सोनू भदौरिया राकेश भदौरिया नेता जी मोनू जैन अतुल जैन के के जैन आशिष जैन नीतेश जैन अरविंद जैन सहित जैन अंगे यादव मिलन के सभी कार्यकर्ता एबम बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# सीरवी समाज का बॉलिबाल का टूर्नामेंट संपन्न हुआ



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**बेंगलूर-**सीरवी समाज सुकंदकट्टे बैंगलोर के सानिध्य में सीरवी स्पोर्ट्स क्लब गोलरहट्टी द्वारा आईजी वाटिका मे कुल सौलह टीमों ने भाग लिया ।सुबह आठ बजे यह प्रतियोगिता शुरू की गई , इस प्रतियोगिता का आयोजन शान्ति पुर्ण ढ़ंग से पुरा हुआ इस प्रतियोगिता को सीरवी समाज सुकंदकट्टे* अ * टीम ने जीता द्वितीय स्थान सीरवी समाज चिकपेट ने हासिल किया इस प्रतियोगिता के पुरस्कार इस प्रकार रहें।- प्रतिभावान श्रेष्ठ नया चेहरा .- दिक्षित पंवार,श्रेष्ठ श्रृंखला खिलाड़ी कुपाराम,खेल मैच श्रेष्ठ खिलाड़ी राकेश सैणचा, श्रेष्ठ मध्य खिलाड़ी भँवरलाल गेहलोत,श्रेष्ठ नेट खिलाड़ी किशोर,श्रेष्ठ आक्रामक खिलाड़ी लिखमाराम सेपटा, श्रेष्ठ सर्विस खिलाड़ी दीलिप को दिया गया। इस प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले दुधिया रोशनी में खेले गये प्रतियोगिता का स्वागत हनुमानबर्फा द्वारा किया गया।व गोलरहट्टी व्यापारी बंधु व तावरेकेरे सीरवी बंधु गणो का अच्छा सहयोग प्राप्त हुआ प्रतियोगिता के समापन समारोह में सीरवी समाज सुकंदकट्टे बैगलोर पश्चिम् के अध्यक्ष रुगाराम चोयल, उपाध्यक्ष लक्ष्मण राम पंवार, व कमेटी सदस्य भानाराम गेहलोत, लिखमाराम बर्फा,चेनाराम पंवार उपस्थित रहे और पारितोषिक देकर सम्मानित करके अच्छी खेल भावना व समाज के अच्छे भविष्य की कामना की गई ।



## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 का शुभारंभ।

**रिपोर्टर संजीव शर्मा**

**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी खतौरा** - पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 का शुभारंभ किया गया शिवपुरी जिले के खतौरा इंडेन गैस पर भी प्रधानमंत्री उज्जवला 2.0 योजना का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती मिथिलेश राजेश यादव जनपद अध्यक्ष एवं श्री भूपेंद्र यादव नगर पालिका अध्यक्ष नोडल अधिकारी श्री सुधीर कुशवाहा श्री दुर्जन सिंह यादव बबलू शर्मा सतीश यादव राजेश ओझाआदि उपस्थित रहे इनके सानिध्य मैं सभी हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरण किए गए सभी महिलाओं को गैस कनेक्शन का उपयोग करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। आयोजक वृंदावन प्रसाद सपनेश कुमार सौरभ कुमार सोनी ।

# पोस्ट ऑफिस अधिकारियों की मिली भगत से आधार सेंटर संचालक आमजनता की जेब पर डाल रहे डांका

**100 रुपये दीजिए,आधार कार्ड सुधरवा लीजिए उप डाकघर दबोह**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**

**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** मध्यप्रदेश सरकार जहां भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए नये-नये नियम ला रही है वहीं कर्मचारी कमाई का नए हथकंडा अपना रहे हैं।सरकार ने आधारकार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू करते थी लेकिन नगर दबोह में उप डाकघर अधिकारीयो की मिलीभगत भगत से आधारकार्ड सुधरवाने के नाम पर 100 से 200 रुपये लिए जा रहे है आधार कार्ड सुधारने बाले कर्मचारी से बात की तो उन्होंने ऑन लाइन की बात करते हुए फोन काट दिया,लेकिन हकीकत में सबकुछ अलग है।जब पत्रकार टीम ने जांच पड़ताल की तो चौंकाने वाला खुलासा सामने आया,डाकघर के कर्मचारियों की मिलीभगत से डाकघर के सायबान(बरामदे),आधारकार्ड सुधारे बाले अधिकारी मलाई काट रहे हैं। आधार में सुधार करवाने के नाम पर 100 रुपये से लेकर 200 रुपये तक की वसूली कर रहे हैं।आम नागरिक जब उपडाक घर आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए उप डाकघर पहुंचा। यहां काफी भीड़ लगी थी। पत्रकार ने एक व्यक्ति से आधार संशोधन की प्रक्रिया पूछी तो उसने बताया कि पहले आपको एप्वाइंटमेंट लेना



होगा।इसके बाद आपको तोड़ी देर से आना होगा।यदि पैसे ज्यादा दिए तो जल्द काम हो जाएगा।आधारकार्ड सुधारने बाले से संशोधन(आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक)कराने की बात की आधार कार्ड मशीन संचालक ने कहा कि 100 रुपये दे दो लिंक हो जाएगा है बताना मुनासिब होगा उप डाकघर में अंदर बैठे कर्मचारियों मिलीभगत से आधार कार्ड के नाम पर भोली भाली जनता को लूटने का खेल खेल रहे हैं।यहां बता दे कि सरकारी शुल्क मात्र 50 रुपये है लेकिन यहां 100 रुपये दीजिए,आधार कार्ड सुधरवा लीजिये इस बात की जानकारी उप डाकघर दबोह के अधिकारियो से बात की उन्होंने मौखिक रूप से बताया यहां आगे से ऐसा नही होगा न कोई रुपये लिए जाएंगे, जिन्होंने रुपये लिए है उनके खिलाफ कार्यवाही करेगे लेकिन बर्जन देने से मना कर दिया... !फिलहाल तो यह कहना होगा कि चोर चोर मौसेरे भाई।जब अधिकारी महोदय की मिलीभगत से ही जब धांधली चल रही तो कार्यवाही करेगा कौन..?

### इनका कहना

आधार कार्ड में नम्बर लिंक कराने के 100 रुपये मांगे जा रहे है,क्यो मागे जा रहे हमने इस बात को जानने के लिए पूंछा तो आधार कार्ड मशीन संचालक का कहना है शिक़ायत करदो हमारे यहां 100 ही लगते है आगे से तुम्हारा कोई काम नही किया जाएगा।

**हिमांशु निवासी वार्ड 11 दबोह**

दबोह पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड सुधारवाने की कोई सेवा उपलब्ध है अगर वहां आधारकार्ड के नाम पर रुपये लिये जा रहे है तो दो दिन के अंदर जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।।

**निशांत शर्मा**

**इंस्पेक्टर पोस्ट ऑफिस लहार**

# खौड मे चारभुजा मित्र मंडल द्वारा विशाल भजन संध्या आयोजित

**खौड मे गणपति महोत्सव पर विशाल भजन संध्या मे झूमे श्रोता**

**खौड मे गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के संग मूर्ति विसर्जन**

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली ।** खौड गांव के मोटावास स्थित श्री चारभुजा मित्र मंडल द्वारा गणपति महोत्सव पर विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भजन कलाकार रतन मारू बुसी व कॉमेडी कलाकार मिट्ठूसिंह, डांसर शीतल भीलवाड़ा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देखकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अतिथियों का बहूमान किया गया। विशाल वरगोड़ा रविवार को दोपहर में चारभुजा मित्र मंडल द्वारा डीजे की धुन पर युवा नाचते- गाते हुए गांव के मुख्य मार्ग होते निकाला गया। वही भक्तों ने गाजे-बाजे व महाआरती कर गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के संघ मूर्ति का विसर्जन लाखेटा नाडा मे किया।



**यह भी रहे मौजूद:** इस अवसर पर जणवा समाज अध्यक्ष समाराम चौधरी, रविंद्रसिंह मेड़तिया, मुकेश सीरवी, समाजसेवी लादाराम चौधरी, किरणसिंह चौहान, ओपाराम मेघवाल, वार्ड पंच नगाराम जणवा चौधरी, वार्ड पंच प्रकाश सुआरा, पंचायत सहायक रमेश चौधरी, लाइनमैन रमेश कुमार जणवा, केसाराम चौधरी, अशोक जणवा, नेमाराम, जगदीश, मुकेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## मृत्युभोज नहीं कराएगा भारतीय बौद्ध महासभा - बैठक में प्रस्ताव पारित

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** भारतीय बौद्ध महासभा शाखा लांजी एवं समस्त सर्कल शाखाओं के संयुक्त तत्वावधान में बैठक का आयोजन पाली अकेडमिक इंस्टीट्यूट बिसोनी में दोपहर 12 बजे किया गया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन लक्ष्मण बोरकर के द्वारा किया गया। बैठक भारतीय बौद्ध महासभा शाखा लांजी के अध्यक्ष के के भालाधरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



सर्वप्रथम तथागत बुद्ध के चरणों में तथा बोधिसत्व डाक्टर बाबा साहाब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र में माल्याअर्पण कर सामुहिक बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बैठक के दौरान भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष आयुष्मान के के भालाधरे ने मृत्युभोज को लेकर चर्चा प्रारंभ की गई। साथ ही सभी सर्कल शाखा के अध्यक्ष , एवं सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। सर्व सहमति से प्रस्ताव? पारित किया गया कि बौद्ध समाज मृत्युभोज कार्यक्रम नहीं कराएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाज सेवियों में पी एल मेश्राम , बौद्धाचार्य आयुष्मान बी आर गनवीर, पी डी भालाधरे, बी एल खोबरागडे , ए आर डोंगरे , अशोक नागदेवें, लक्ष्मीकांत मड़ामे , प्राचार्य पी के भिमटे, कैलाश वैध , बुद्धवर्धन उके, मनोज गेडाम, सोनवाने , मोतीचरण खांडेकर,पी आर गजभिये, आनन्दराव रामटेके प्रज्ञा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरोज गजभिये , धर्मशिला मेश्राम , पदमा मड़ामे , प्रतिमा नागदेवे और बौद्ध उपासक व उपासिकाएं उपस्थित रहे।

# सुशासन के सिद्धांतों को अपनाकर लोक कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना को दें मूर्त रूप-मुख्यमंत्री चौहान

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(इंदौर में स्थापित किए जाएंगे आलू एवं ड्यूरम व्हीट के क्लस्टर-कलेक्टर)**

**इंदौर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के मध्यम से प्रदेश के सभी संभागों के कमिश्नर, आईजी एवं जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर राज्य शासन द्वारा प्रारंभ किये गये विभिन्न अभियानों और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कमिश्नर कार्यालय से संभागायुक्त डॉ पवन शर्मा, आईजी हरिनारायण चारी मिश्रा, डीआईजी ग्रामीण चन्द्रशेखर सोलंकी तथा कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर मनीष सिंह, डीआईजी मनीष कपूरिया, पुलिस अधीक्षक महेश चंद्र जैन, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी वीसी में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना काल में मध्य प्रदेश के जनभागीदारी मॉडल को पूरे देश में सराहा गया था। अब इस जनभागीदारी के मॉडल को अपनी प्रशासनिक कार्य प्रणाली में अपनाकर प्रदेश में सुशासन की स्थापना करनी है। हमें सुशासन के सिद्धांतों को प्रशासनिक प्रक्रिया में अपनाकर लोक कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना को मूर्त रूप देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 वर्ष के सफल कार्यकाल के अवसर पर राज्य शासन द्वारा आयोजित किए जा रहे जन कल्याण और सुराज अभियान के तहत प्रदेशवासियों को बिना किसी विलंब के समय सीमा अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना सभी प्रशासनिक अधिकारी सुनिश्चित करें।




**(आलू उत्पादन की क्षमता होगी 12 से 15 मेट्रिक टन प्रतिदिन)**

कलेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि इंदौर में एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत आलू का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि पीएमएफई योजना के अंतर्गत जिले में 6 प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं, जिसमें लघु एवं दीर्घ अंतराल के प्रोजेक्ट शामिल है। इन सभी प्रोजेक्ट को 1 नवंबर 2021 तक शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद जिले में लगभग 12 से 15 मेट्रिक टन आलू का उत्पादन प्रतिदिन किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जिले में दो आलू के क्लस्टर तथा तीन ड्यूरम व्हीट क्लस्टर शुरू किए जाएंगे। इससे किसानों की आय भी दुगनी होगी, कृषि उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा तथा जिले का आर्थिक विकास भी हो सकेगा।

**(गुड गवर्नेंस स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया)**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से बेहतर तरीके से जुड़ने एवं आवश्यक जानकारी जिलेवासियों तक पहुंचाने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक प्रभावी माध्यम है जिससे राज्य में सुशासन को स्थापित किया जा सकता है।

**(इंदौर ने जप्त की सबसे अधिक मात्रा में अवैध शराब)**

इंदौर में अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही के तहत 74 हजार 818 लीटर अवैध मदिरा जप्त की गई। मात्रा के आधार पर अवैध शराब के विरूद्ध की गई कार्रवाई में इंदौर पूरे प्रदेश में प्रथम रहा। इसी के साथ ही अवैध शराब की कार्यवाही के कुल 4 हजार 67 प्रकरण जिले में दर्ज किए गए। कांफ्रेंस के दौरान की गई समीक्षा में पाया गया कि इंदौर जिला तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में प्रदेश के प्रथम पांच जिलों में शामिल है। माह अप्रैल से अगस्त 2021 तक जिले के 8 हजार 443 व्यक्तियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं।

कॉन्फ्रेंस के दौरान समीक्षा में बताया गया कि राज्य शासन द्वारा 5 जून 2021 से जन भागीदारी आधारित प्राणवायु को समृद्ध बनाने के लिए शुरू किए गए अंकुर अभियान के सबसे ज्यादा पंजीकरण इंदौर जिले में किए गए। इसी तरह जल जीवन मिशन के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा में इंदौर वर्तमान में 5 सर्वाधिक एफएचटीसी आच्छादान के जिलों में शामिल रहा। अप्रैल से अगस्त 2021 तक इंदौर में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत 99 प्रतिशत हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया गया। खाद्यान्न वितरण में इंदौर पूरे प्रदेश में प्रथम रहा। इसी तरह जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 610 स्व सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया। स्व सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज में भी इंदौर प्रदेश के प्रथम पांच जिलों में शामिल रहा।

## वन-टू-वन

### MP में सियासी सुगबुगाहट, बंद कमरे में कांग्रेस के कद्दावर नेता अजय सिंह ने नरोत्तम मिश्रा से की मुलाकात



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने आज सोमवार को गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के निवास पहुंचे।जहां अजय सिंह ने नरोत्तम मिश्रा से बंद कमरे में मुलाकात की. दोनों नेताओं की करीब 30 मिनट तक मुलाकात हुई। कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाने वाले अजय सिंह की नरोत्तम सिंह से मुलाकात के बाद तमाम तरह के कयास लगाए जा रहा है। हालांकि इस मुलाकात पर मीडिया के सामने बोलने से अजय सिंह बचते हुए नजर आए. उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। गौरतलब है कि कमलनाथ के ÷भारत को बदनाम देश÷ बयान पर अजय सिंह ने उन्हें जुबान पर नियंत्रण रखने की नसीहत दी थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार गिरने के लिए विंध्य नहीं बल्कि सरकार बचाए रखने की खुद की जिम्मेदारी बताई। बता दें कि विंध्य क्षेत्र में अजय सिंह राहुल का व्यक्तित्व एक दबदबे वाले नेता के रूप में जाना जाता है, लेकिन गुटबाजी और आपसी कलह बार-बार सामने आने से पार्टी की जमकर किरकिरी होती रही है।

### माननीय प्रधानमंत्री के 71 वें जन्मोत्सव पर दिव्यांग जनों को बांटे गए निशुल्क कृत्रिम अंग



**शिशिर दांतरे**
**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** प्रधानमंत्री के 71 जन्मोत्सव के उपलक्ष पर आजादी की अमृत महोत्सव पर दिव्यांग जनों को निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण किए गए तथा समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभागार दतिया में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में माननीय डॉक्टर शुक्रण मिश्रा जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव एपीओ धनंजय मिश्रा विनोद मिश्र एवं कैलाश डांगी अर्पित गोस्वामी निधि गुप्ता बहादुर पाल गजेंद्र प्रजापति आदि समस्त दिव्यांग उपस्थित रहे।

### बसपाइयो ने नारायण गुरु की पुण्यतिथि पर की बैठक

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

मऊरानीपुर झांसी बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक नगर के होटेल शांति में आयोजित हूयी जिसमें संत नारायण गुरु जी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुस्प अर्पित करते हुए । वकतव्य में नगर अध्यक्ष प्रदीप रामकुमार श्रीवास ने बताया की नारायण गुरु का जन्म दक्षिण केरल के एक साधारण परिवार में 26 अगस्त 1854 में हुआ था। भद्रा देवी के मंदिर के बगल में उनका घर था। एक धार्मिक माहौल उन्हें बचपन में ही मिल गया था। लेकिन एक संत ने उनके घर जन्म ले लिया है, इसका कोई अंदाज उनके माता-पिता को नहीं था। समाज के कल्याण के लिए काभी संघर्ष किया व दलित शोषित समाज को जागरुक करने का कार्य किया । समाज को आगे बड़ाने में श्री नारायण गुरु जी का कभी संघर्ष रहा है नारायण गुरु भारत के महान संत एवं समाजसुधारक थे। कन्याकुमारी जिले में मारुतवन पहाड़ों की एक गुफा में उन्होंने तपस्या की थी। गौतम बुद्ध को गया में पीपल के पेड़ के नीचे बोधि की प्राप्ति हुई थी। नारायण गुरु को उस परम की प्राप्ति गुफा में हुई।

# अम्बाह पीजी कॉलेज में आज से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रशिक्षण जारी...

**केशब पंडित ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह में उच्चशिक्षा विभाग के निर्देश के परिपालन में स्नातक प्रथम बर्ष में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बंध में दिनांक 16 सितम्बर से 25 सितंबर तक नित्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कोबिड प्रोटोकॉल का परिपालन सुनिश्चित करते हुए कला, विज्ञान तथा वाणिज्य के समस्त नवप्रवेशी विद्यार्थियों 40-40 के समूहों में विभाजित कर प्रशिक्षण कार्यशाला में आमंत्रित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध प्रावधानों के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉं. शिवराज सिंह तोमर के कुशल संरक्षण तथा डॉं. कमल भारद्धाज के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रो. विश्वास मेंढेकर, डॉं. व्ही.के जैन, डॉं. बृजमोहन बंसल, श्री मुकेश श्रीवास तथा कु. नेहा श्रीवास्तव द्वारा कार्यशाला में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में श्री अरुण सिंह तोमर तथा श्री अमित शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया जा रहा है। अभी तक इस कार्यक्रम के माध्यम से कला संकाय के लगभग 120 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। प्रतिदिन नव प्रवेशित चयनित समूह के विद्यार्थियो को आनलाइन सूचना दी जाकर उन्हें दृश्य श्रव्य तकनीकि के साथ यह ट्रेंनिग दी जा रही है।



# एटा में सड़क न बनने से व्यापारियों में रोष व्याप्त।



**समस्या जल्द निस्तारण कराएंगे–अपर जिलाधिकारी**

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजली टुडे**

एटा नगर के पीपल अड्डा क्षेत्र में सहावर -गंजडुंडवारा मार्ग पिछले 3 वर्षों से जल निगम की लापरवाही के चलते खुदा हुआ पड़ा है ।सहावर गंजडुंडवारा मार्ग पर दो-तीन वर्ष पहले जल निगम में गहरी सीवर लाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया था ।लेकिन सीवर लाइन की पोल एक ही बरसात में खुलकर सामने आ गई ।ना तो सीवर लाइन ठीक से शुभारंभ हो पाई और ना ही रोड आज तक बन पाई है। लोगों का कहना है कि जल निगम इसी मार्ग निर्माण को आज तक सीसी मार्ग के रूप में पक्का नहीं करा पाया। और ना ही डामरीकरण हो पाई है ।इस समस्या से परेशान होकर आज अपर जिलाधिकारी महोदय को व्यापारी एवं वहां के निवासियों ने सड़क की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा है।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्या समाधान का आस्वासन दिया है। इसी के साथ एटा के सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के आवास पर जाकर पीड़ित व्यापारियों नेज्ञापन सौंपा है ।ज्ञापन सौंपने वालों में सत्यवीर, विनोद कुमार, मोहनलाल ,रोशन लाल,देवेंद्र कुमार लोधी, रविंद्र कुमार गौरव, माधव कांत, जगदीप ,राजेंद्र कुमार,सूरज, प्रदीप ,राहुल ,दीपक कुमार ,मदनलाल, रूपेश कुमार ,असलम ,परवेज ,विनोद कुमार, रवि कुमार ,लोकेश कुमार, जगदीश ,योगेश कुमार ,शिवम गुप्ता ,गौरव गुप्ता ,सुशांत सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे ।



### भाजपा नेताओं द्वारा किया गया वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान

**शिशिर दांतरे**
**पुष्पांजली टुडे**

दतिया जिले के भगवानपुरा मंडल के उपाध्यक्ष भाजपा नेता आज्ञाराम बघेल द्वारा सेवड़ा के वरिष्ठ पत्रकार शंकर नगरिया एवं वरिष्ठ पत्रकार शिशिर दांतरे का पुष्पगुच्छ एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर भाजपा नेता आज्ञाराम बघेल ने कहा की मीडिया हमारे देश का चौथा स्तंभ है और इनकी बगैर कुछ भी संभव नहीं है इस अवसर पर सेवड़ा वरिष्ठ पत्रका शिशिर दांतरे ने कहा की पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा समाजसेवी के द्वारा जो पत्रकारों का सम्मान किया जाता है यह सम्मान पत्रकारों का नहीं है बल्कि देश का चौथा स्तंभ का है जो सच्चाई दिखाने की कोशिश करते हैं पर कुछ चित्रपट लोग पत्रकारिता को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

# 05 शातिर डकैतों को, डकैती व चोरी की योजना बनाते हुये किया गिरफ्तार,

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजली टुडे**

एटा जनपद में सुदृढ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री इरफान नासिर खान के निर्देशन में चेकिंग के दौरान थाना जलेसर पुलिस द्वारा थाना जलेसर पर पंजीकृत मुअसं- 14/2021 धारा 380 भादवि में वाँछित चल रहे अभियुक्त कासिम सहित पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त घटनाक्रमानुसार दिनांक 20.09.2021 को समय करीब 01.10 बजे थाना जलेसर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 05 शातिर लुटेरों को लूट की योजना बनाते हुये स्टेशन रोड पर निर्माणाधीन मकान तथा दुकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त कासिम के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व एक खोखा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त नरेश तथा हैदर के कब्जे से थाना जलेसर पर पंजीकृत मुअसं- 14/2021 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित 1200 रुपये बरामद किए गए हैं। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी से कस्बा व आस पास के क्षेत्रों में डकैती, लूट व चोरी की घटनाओं में अवश्य ही रोक लगेगी।




**डकैती, लूट व चोरी की कार्य योजना–:** सभी अभियुक्तों ने पूछने पर बताया कि आज वे लोग यहां पर बैठकर माधवनगर के रहने वाले पप्पू दिवाकर जो अपने परिवार के साथ गुडगांव चला गया है। उसका घर बन्द है, कभी कभी अकेली महिला रहती है ,उसमें अपने सभी साथियों के साथ मिलकर चोरी करने की योजना थी। हम लोग अपने साथ पेंचकस व प्लास रखते है कि जरूरत पड़े तो दरवाजा व ताला तोड़ सके हम लोगों को जानकारी थी कि घर में बर्तन, जेवर तथा कपड़े और सामान मिल सकता है इसी प्रकार हम लोगों ने कुछ दिन पहले सादाबाद में बैंक में चोरी करने गये थे पर वहां पर पुलिस आ गई थी तो हम लोग वहां से भाग गये। हम लोग बन्द मकान जिसमें कोई नहीं रहता है रैकी करके चोरी करते हैं। हम लोग पहले भी चोरी कर चुके है। लेकिन पकड़े नहीं गये है। कासिम ने बताया कि मैं मौ0 ठगेलान इस्लामनगर कस्बा जलेसर का रहने वाला हूँ मैंने अपने साथियों संजय उर्फ महहा, राजकुमार उर्फ फेर्दू व शौकत के साथ मिलकर जनवरी के महीने में भगवान सिंह कुशवाह के यहां से सोने चांदी के जेवर तथा रेजगारी सिक्के चोरी किये थे जिसे हम सभी लोगों ने बाद मे बरावर बरावर बाट लिये थे जो जेवर व पैसे मेरे हिस्से में आये थे वह मैने जेवर शौकत के माध्यम से तीस हजार रूपये में बैच दिया था। जिसमें से मेरे पास आज सिर्फ 1200 रूपये शेष बचे ये उसी तीस हजार में से शेष हैं बाकी के रुपये खर्च हो गये तथा पूछताछ में बताया कि जनपद एटा व आप पास के जनपदों में भी डकैती, लूट व चोरी की घटनाओं को कारित करते रहते हैं।

# ग्राम पंचायत उदैना के ग्राम नगला रूध मैं जो कच्ची बंधी है उसमें पानी रोकने को शासन और प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़ ।** अमृत समान वर्षा के जल को संचय कर सिंचाई और गांव के जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा गांव में एक कच्ची बंधी बनाई गई है।उस पर सिंचाई विभाग के अधिकारी सरकार के इस उद्देश्य को पलीता लगा रहे हैं। ग्राम पंचायत उदैना और नगला रूध के किसानों ने बताया कि यह कच्चा बांध सन 1996 से आज तक नहीं भरा गया और किसान भाइयों ने यह भी कहा कि इस बंधी की कोई भी मरम्मत नहीं हुई है आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बहुत गिर चुका है फसल की सिंचाई के लिए बहुत परेशानी होती है।



**ग्रामीणों का कहना है की मेवली के बांध का पानी व्यस्त निकाला जा रहा है:** ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग केस्छ्ह उदल सिंह से बातचीत की तो उदल सिंह का कहना आया सन 1996 से नगला रूध का बांध नहीं भरा गया तो इस बार हम कहां से भरें। ग्राम पंचायत उदैना में नगला रुध व नगला मकरान में 10 हजार किसानों की खेती बिना पानी के सुख जाती है। जगनेर ब्लॉक में जितने भी कच्ची बंधी है उन सभी पर मरम्मत करने का कार्य जवाहर लाल पचौरी जी करते हैं। मेवली के बांध की पाल की मरम्मत ना होने के कारण मेवली बांध की पाल एक बार टूट चुकी है। जिसके कारण बहुत किसानों का फसल में नुकसान हो गया। इसी कारण जवाहरलाल पचौरी जी ने मेवली के बांध का जलस्तर को घटा दिया था जिसके कारण नगला रूध की बंधी में पानी नहीं जा रहा है यह सब देखने के बाद ग्रामीणों ने एसडीओ उदल सिंह से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि हम मेवली के बंधी की जल स्तर को बढ़ाते हैं। तो पाल टूट जाएगी इसलिए हम जलस्तर नहीं बढ़ा सकते। और नगला रूध की बंधी सन 1996 से नहीं भरी जा रही है। तो हम नहीं भर सकते हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। उस बंधी को भरने कि मरम्मत के लिए जो पैसा आता है उस पैसे को सिंचाई विभाग के सभी अधिकारी एकत्रित होकर मिल बांटकर खा जाते हैं। उस पैसे को बांधों की मरम्मत में नहीं लगा रहे हैं। जिसके कारण मेवली का बांध एक बार टूट चुका है। और बधों पर से कोई भी झाड़ियां नहीं काटी जा रही है।

झाडियां नहीं काटने के कारण कई बाइक सवार कई बार गिर चुके हो क्योंकि बांध की मरम्मत ना होने के कारण बांध पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऊपर से झाड़ियां है। नगला रुध की बंदी पर जो शासन प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसा लगता है कि विभाग के अधिकारी इस बंधी को भरना नहीं चाहते हैं।

# सिंधिया के रोड शो को लेकर बवाल शुरूः केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के दौरे के खिलाफ हाईकोर्ट में लगाई जनहित याचिका

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के तीन दिवसीय ग्वालियर दौरा और रोड शो पर बादल मंडराने लगे हैं। सिंधिया के दौरे के खिलाफ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जबलपुर में एक जनहित याचिका दायर की गई है। ग्वालियर के रहने वाले डोंगर सिंह ने यह याचिका दायर कर कोविड गाइडलाइन और संभावित तीसरी लहर का हवाला देते हुए यह याचिका लगाई है।

याचिका में कहा गया है कि सिंधिया के दौरे में मुरैना से लेकर ग्वालियर तक भारी भीड़ जुटेगी जो कोरोना गाइड लाइन के उल्लंघन के साथ साथ सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है। याचिका में ष्टस् मध्य प्रदेश शासन, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, ग्वालियर, मुरैना के कलेक्टर और स्क्र को पार्टी बनाया गया है। इस याचिका पर संभावित मंगलवार को सुनवाई हो सकती है। ग्वालियर के गोदाम बस्ती थाटीपुर निवासी डोंगर सिंह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की मुख्य बेंच जबलपुर में एक जनहित याचिका लगाई है। ये जनहित याचिका केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुरैना और ग्वालियर के दौरे के विरुद्ध है। याचिका में कहा गया है कि कोरोना का संकट कम नहीं हुआ है। कोविड की पहली



और दूसरी लहर में सैकड़ों निर्दोष लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हमने लोगों को मरते देखा है। जिसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट ने समय समय पर कोविड में भीड़ न जुटाने को लेकर दिशा निर्देश जारी किये हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने भी परिस्थितियों को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।

### सिंधिया के दौरे और रोड शो को अनुचित बताया

इस बीच कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार सतर्कता बरतने के लगातार निर्देश दे रही है ऐसे में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के तीन दिवसीय दौरे (22 सितंबर से 24 सितंबर) को अनुमति दिया जाना अनुचित कहा है। याचिकाकर्ता डोंगर सिंह ने अपने वकील वीर सिंह सिसोदिया के माध्यम से प्रस्तुत याचिका में कहा है कि सिंधिया के दौरे से पहले ही प्रभारी मंत्री शहर में है, वह कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए प्रयासरत हैं। याचिकाकर्ता ने कोरोना से जुड़े कई आदेशों का हवाला देते हुए सिंधिया के दौरे को भव्य रूप प्रदान नहीं करने की अपील की है और कोरोना गाइड लाइन के उल्लंघन की दिशा में क़ानूनी कार्रवाई का निवेदन किया है।

### प्रदेश से लेकर जिले के अफसरों को बनाया पार्टी

याचिका में मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, ग्वालियर और मुरैना के कलेक्टर एवं स्क्र को पार्टी बनाया है। याचिका अर्जेन्ट हियरिंग में लगाई है इसलिए उम्मीद की जा रही है कि मंगलवार (21 सितंबर) को इस पर सुनवाई हो। गौरतलब है कि ग्वालियर में इस समय धारा 144 प्रभावित है, कांग्रेस भी लगातार कोरोना गाइड लाइन और धारा 144 के बीच में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दौरे और उनकी शोभायात्रा को अनुमति दिए जाने का विरोध कर रही है। अब ये मामला न्यायालय में भी पहुँच गया है।

## नैनो न्यूज

### बाइक सवार बदमाशों ने इंजीनियर का मोबाइल लूटा

**ग्वालियर।** शहर के पड़ाव स्थित रेसकोर्स रोड खाना खाने के बाद वॉक करने के लिए पहुंचे इंजीनियर से बाइकसवार बदमाश झपट्टा मारकर मोबाइल लूट ले गए हैं। वारदात के बाद इंजीनियर ने बदमाशों को पकड़ने दौड़ लगाई और शोर भी मचाया, लेकिन बदमाश बाइक को गति देकर भाग निकले।पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पड़ाव इलाके में आकाशवाणी कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय अरुण कुमार पाण्डे पुत्र हृदय नारायण पाण्डे आकाशवाणी में इंजीनियर हैं। रविवार रात को खाना खाने के बाद वॉक करने के लिए रेसकोर्स रोड पर पहुंचे। तभी उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल रिसीव कर वह बातचीत कर ही रहे थे कि इसी समय पीछे से काली बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और उनके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल लूट ले गए। वारदात के बाद अरूण ने बदमाशों का पीछा करते हुए शोर भी मचाया, लेकिन तब तक बदमाश बाइक को गति देकर भाग निकले। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ के सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री तोमर आयेंगे

**ग्वालियर।** म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक और चम्बल संभागीय सम्मेलन 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे मुरैना में अग्रवाल सेवा सदन, सीआरपुरम में आयोजित होगा। संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उपेन्द्र गौतम और ग्वालियर संभाग अध्यक्ष प्रदीप मांढरे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह, राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया, मुरैना के विधायक राकेश मावई और अम्बाह के विधायक कमलेश जाटव इस आयोजन में अतिथियों के रूप में भाग लेंगे। प्रदेशभर से संघ के प्रदेश पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष व संभागीय महामंत्री, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री इस आयोजन में आमंत्रित हैं।

### जांच पड़ताल नाटक का मंचन 26 को

**ग्वालियर।** नाट्य संस्था आर्टिस्ट कंबाइन का अखिल भारतीय नाट्य उत्सव चल रहा है ।इसके तहत जांच पड़ताल नाटक का ऑनलाइन मंचन 26 सितंबर की शाम 7ः00 बजे किया जाएगा ।प्रस्तुति गौगोल के मूल नाटक द गवर्नमेंट इंस्पेक्टर पर आधारित है। जिसके निर्देशक कृष्णा सक्सेना है। नाटक का प्रसारण यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। दर्शक चाहे तो कमेंट बॉक्स में नाटक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

### अपर आयुक्त ने की डे-एनयूएलएम की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देष

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर अपर आयुक्त एवं नोडल अधिकारी श्री मुकुल गुप्ता द्वारा डे एनयूएलएम विभाग की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समस्त घटक एवं पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त सुश्री साक्षी बाजपेयी एवं समस्त सिटी मिशन मैनेजर एवं समस्त सामुदायिक संगठक उपस्थित रहे। डे - एन यूएलएम घटक एवं पीएम स्वनिधि के संबंधित सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती संदीप राजपूत से बिंदुवार चर्चा की गई। जिसमें पीएम स्वनिधि अंतर्गत हाथ ठेला, पथ विक्रेता एवं उनके परिवार के सदस्यों की शत प्रतिशत सोशियो इकोनोमिक प्रोफाइलिंग कर भारत सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मिशन मैनेजर श्री पवन मिश्रा से डे एनयूएलएम अंतर्गत निकाय के अभ्यार्थियों को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन कर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# जमीनी विवाद में लाठियां, सरिया चले- आधा दर्जन लोग घायल

**ग्वालियर।** जमीन के लिए दो भाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। भंडारे में शामिल होने आए दो भाई जमीन विवाद में आपस में भिड़ गए। कुछ ही देर में दोनों की तरफ से परिजन, पड़ोसी व दोस्त शामिल हो गए। फिर तो दोनों तरफ से जमकर लाठियां, सरिया चले। एक दूसरे पर पथराव किया गया। घटना महाराजपुरा के हीरामन का पुरा की है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभाला। दोनों पक्षों को शांत कराया। हमले में दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग घायल हो हुए हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराकर हत्या के प्रयास, बलवा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

महाराजपुरा क्षेत्र के हीरामन का पुरा निवासी ऐदल सिंह गुर्जर पुत्र बोहरे सिंह गुर्जर और धुंधी गुर्जर आपस में भाई है और उनके बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को हीरामन का पुरा में भण्डारे में शामिल होने के लिए दोनों भाई पहुंचे थे। पंगत में आमने-सामने बैठे तो विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ा और दोनों ही पक्ष मारपीट पर उतर आए। मारपीट कुछ ही देर में खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों तरफ से



कई लोग झगड़े में कूद पड़े और जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव भी हुआ। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। जांच के बाद घायलों को उपचार के लिए भेजकर हत्या के प्रयास व बलवा का मामला दर्ज कर लिया है।

### इनके खिलाफ दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने ऐदल सिंह गुर्जर की शिकायत पर धुंधी गुर्जर, सावलिया, रिंकू, कल्ली गुर्जर, राकेश, महेन्द्र के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा का मामला दर्ज किया है। दूसरी तरफ से राकेश पुत्र धुंधी गुर्जर की शिकायत पर धारा गुर्जर, ऐदल गुर्जर, मेहताब, गब्बर सिंह, जितेन्द्र, मोनू, रवि गुर्जर के खिलाफ FIR दर्ज की गई है।

### घटना का पता लगाने पुलिस लगा रही सुराग

पुलिस को संदेह था कि घटना के समय वहां आसपास किसी ने मोबाइल से पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया होगा, लेकिन पुलिस ने जब आसपास पड़ताल की तो किसी ने भी वीडियो बनाने की बात नहीं कही है। पुलिस बयानों के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

## दिव्यांगों एवं समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों की भलाई के लिये सरकार कटिबद्धः श्री सिलावट

# समाज दिव्यांगों को साथ लेकर आगे बढ़ेः सांसद श्री शेजवलकर

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरित

**ग्वालियर।** देश व समाज का समग्र विकास तभी संभव है जब समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का भी भला हो। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार दिव्यांगों एवं समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है। इस आशय के विचार जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने व्यक्त किए। श्री सिलावट दिव्यांगों के परीक्षण एवं कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा और समर्पण अभियान के तहत सोमवार को जेएएच परिसर स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम



की अध्यक्षता सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने की। इस अवसर पर दो दर्जन से अधिक दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरित किए गए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि दिव्यांगों में भी क्षमताओं का अपार भण्डार होता है। हमारी थोड़ी सी मदद से दिव्यांगजन राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी दिव्यांग अपने आप को अकेला न समझे। सरकार पूरी ताकत के साथ दिव्यांगों की मदद के लिए तत्पर है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मानव सेवा सबसे बड़ी पूजा है। खुशी की बात है कि इसी भाव के साथ सेवा भारती जनसेवा के काम में जुटी है।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि समाज का दायित्व है कि वह दिव्यांगों को साथ में लेकर आगे बढ़े। दिव्यांगजन भी अपने आप को किसी से कम न समझें और समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। श्री शेजवलकर ने कहा कि दिव्यांगों के कल्याण के लिये केन्द्र व राज्य सरकार ने तमाम कल्याणकारी योजनायें बनाई हैं। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजन इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने स्वागत उदबोधन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के सचिव श्री नवल किशोर शुक्ला तथा श्री महेश उमरैया, श्री अशोक शर्मा व जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के प्रशासकीय अधिकारी श्री गिरीश पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक शर्मा ने किया। आरंभ में अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पाहार अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**इन्हें मिले कृत्रिम अंग व उपकरणः** जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित हुए कार्यक्रम में मंच से श्री मुकेश ओझा को कृत्रिम हाथ, श्री दिनेश कुशवाह को व्हीलचेयर, श्री अब्बास कुरेंशी को यूडीआईडी कार्ड, श्री नाथूराम बाथम व श्री सुमंत राघव को कान की मशीन तथा श्री ललित कुमार व श्री नवल किशोर को बैसाखी प्रदान की गई। इसके अलावा लगभग दो दर्जन अन्य दिव्यांगों को भी कैलीपर्स, कान की मशीन, व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक व बैसाखी वितरित की गई।

### सिंधिया के स्वागत के लिए बैनर पोस्टरों से पटा शहर

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 22 सितंबर को तीन दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर आ रहे हैं ।मंत्री बनने के बाद वैसे तो सिंधिया शहर में आ चुके हैं ।लेकिन तब वह सीधे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चले गए थे। और उनका स्वागत सत्कार भी उनके समर्थक नहीं कर सके थे ।इसलिए अब 22 सितंबर को श्री सिंधिया के आगमन पर उनके समर्थक तथा भाजपाई कार्यकर्ता शहर में करीब 200 स्थानों पर सिंधिया का जोरदार स्वागत करेंगे। इस अवसर पर एक विशाल रथ यात्रा भी निरावली से निकाली जाएगी। सिंधिया के स्वागत के लिए उनके उनके समर्थकों और भाजपाइयों ने अभी से शहर के सभी प्रमुख स्थानों को तथा चौराहों को बैनर पोस्टरों से पाट दिया है ।अब समर्थकों को शहर के प्रमुख स्थानों पर बैनर पोस्टर लगाने के लिए जगह भी नहीं मिल रही है।

# तेज रफ्तार कार अचानक हुई बेकाबू, सड़क पर लहराते हुए बिजली के पोल से जा टकराई



**ग्वालियर।** वालियर में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया है। सड़क पर तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू हो गई। रफ्तार में सड़क पर लहराई कार तो आसपास के वाहन चालक डर गए। अभी कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही महिला थाना के सामने बिजली के पोल से कार जा टकराई।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह बिगड़ गया। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पोल से कार टकराने की आवाज सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाया है। यदि यह कारण किसी अन्य वाहन में टक्कर मार दी तो कैजुअल्टी बढ़ सकती थी। रविवार को रेलवे स्टेशन की तरफ से आ रही कार नंबर MP07 CH-6431 रफ्तार काफी तेज थी। पड़ाव चौराहा पर आते ही कार की स्पीड से चालक का नियंत्रण हट गया। कार बेकाबू हो गई और सड़क पर लहराती हुई डिवाइडर से टकराने के बाद बिजली के पोल से जा टकराई। कार के पोल से टकराते हुए चालक कांच से टकराया और बुरी तरह घायल हो गया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कार में सवार युवक से मिले लाइसेंस से पता चला है कि घायल युवक का नाम वीरेन्द्र सिंह निवासी गुढ़ी-गुढ़ा का नाका है। पुलिस पता लगा रही है कि हादसा कैसे हुआ। चालक से पूछताछ करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हो सकता था बड़ा हादसा

पुलिस का कहना है कि जिस समय हादसा हुआ था उस समय वहां पर काफी वाहन सड़क पर थे। यदि इस तेज रफ्तार बेकाबू कार की चपेट में कोई बाइक या जेबरा क्रॉसिंग से रास्ता पार कर रहा राहगीर आ जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। क्योंकि इसमें जान भी जा सकती थी। फिलहाल पता नहीं चला है कि वाहन के ब्रेक फेल हुए थे या फिर किसी को बचाने के चलते यह हादसा हुआ है।

# पुलिस ने 04 शातिर नकबजनों को चोरी गये माल कीमती 05 लाख रूपये एवं मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** शहर की मुरार थाना पुलिस ने 04 शातिर नकबजनों को चोरी गये माल कीमती 05 लाख रूपये एवं मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे के निर्देषानुसार ग्वालियर जिले में चोरों व लुटेरों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर(शहर-पूर्व) राजेश दण्डोतिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरार रिषिकेष मीणा को अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियां को चोरों व लुटेरों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने हेतु निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक, मुरार के मार्गदर्शन में कार्य करते हुये दिनांक 19.09.2021 को थाना प्रभारी मुरार श्री निरी0 शैलेन्द्र भार्गव को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थाना मुरार एवं थाटीपुर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 04 शातिर चोरों को हुरावली के आसपास देखा गया है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी मुरार द्वारा थाना बल की टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान हुरावली से 04 शातिर चोरों को धरदबोचा। पकडें गये चोरो के कब्जे से वर्तन, कपडे, एवं जेवरात कीमती 05 लाख रूपये एवं चोरी गई स्पेलण्डर मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पकड़े गये चोरों से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि वर्तन, कपडे, एवं जेवरात कीमती 05 लाख रूपये की चोरी उन्होने तिरूपति नगर, बडागॉव मुरार से एवं मोटरसाइकिल विष्वविद्यालय क्षेत्र से चोरी की थी। उक्त पकड़े गये चोरों से थाना थाटीपुर एवं सिरोल क्षेत्र में भी चोरी की घटनाओं के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

### बरामद मशरूका

वर्तन, कपडे, व जेवरात कीमती 05 लाख रूपये एवं स्पेलण्डर मोटरसाइकिल।

### सराहनीय भूमिका

उक्त शातिर नकबजनों को पकडने में थाना प्रभारी मुरार निरी0 शैलेन्द्र भार्गव, उनि के0के0 पाराषर, सउनि राधेष्याम षिवहरे, कार्य0प्रआर0 मकरंद तोमर, आर0 अरविन्द तोमर, राजू मोगिया, लेखराज की सराहनीय भूमिका रही।

# आकाशवाणी के इंजीनियर से मोबाइल लूटः ग्वालियर में खाना खाने के बाद टहलने निकले इंजीनियर पर झपट्?टा मारकर बाइक सवार बदमाश मोबाइल लूट ले गए

**ग्वालियर।** ग्वालियर में मोबाइल पर बात करते हुए टहल रहे इंजीनियर पर झपट्टा मारकर बाइक सवार बदमाश फोन लूट ले गए हैं। घटना पड़ाव स्थित रेसकोर्स रोड की है। वारदात के बाद इंजीनियर ने बदमाशों को पकड़ने दौड़ लगाई और शोर भी मचाया, लेकिन बदमाश बाइक को गति देकर भाग निकले। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पिछले कुछ दिनों में लगातार शहर में मोबाइल लूट की वारदात हो रहीं है। पुलिस इन वारदातों को रोकने में नाकाम साबित हुई है। पड़ाव इलाके में आकाशवाणी कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय अरुण कुमार पाण्डे पुत्र हृदय नारायण पाण्डे आकाशवाणी में इंजीनियर हैं। रविवार रात को खाना खाने के बाद वॉक करने के लिए रेसकोर्स रोड पर पहुंचे। तभी उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल रिसीव कर वह बातचीत कर ही रहे थे कि इसी समय पीछे से काली बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और उनके हाथ पर झपट्?टा मारकर मोबाइल लूट ले गए। वारदात के बाद अरुण ने बदमाशों का पीछा करते हुए शोर भी मचाया, लेकिन तब तक बदमाश बाइक को गति देकर भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478